www.livehindustan.com


# हिन्दुस्तान

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार
1 मार्च 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 53, 24 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.75 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण



रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने पश्चिमी देशों को परमाणु युद्ध की चेतावनी दी P-21






**राहत :** हिमाचल प्रदेश में मंत्री-विधायकों की नाराजगी दूर, कांग्रेस के छह बागी नेता अयोग्य ठहराए गए

# सुक्खू सरकार का संकट टला

■ डॉ. राजीव पत्थरिया

शिमला। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार पर छाया संकट फिलहाल खत्म हो गया है। हाईकमान द्वारा भेजे गए पर्यवेक्षकों ने गुरुवार को कहा कि पार्टी और विधायकों के बीच सारे मतभेद सुलझा लिए गए हैं। सुक्खू मुख्यमंत्री बने रहेंगे।

इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पार्टी व्हिप के उल्लंघन पर कांग्रेस के छह बागी विधायकों को अयोग्य करार दे दिया। विधायकों ने कहा कि वे फैसले के खिलाफ कोर्ट जाएंगे। प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार है जब विधायकों को दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित किया गया है।

कांग्रेस हाईकमान की ओर से भेजे गए पर्यवेक्षक डीके शिव कुमार, भूपेंद्र सिंह हुड्डा और भूपेश बघेल एवं राज्य कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला ने पार्टी के लिए संकटमोचक की भूमिका निभाई। इस दौरान बुधवार से गुरुवार शाम तक मैराथन बैठकें हुईं।

मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह और अन्य मंत्रियों एवं विधायकों के गिले-शिकवे दूर कर सब कुछ ठीक होने का दावा किया। डीके शिवकुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्यसभा चुनाव में पार्टी के नेता अभिषेक मनु सिंघवी की हार की जिम्मेदारी ली है।

**प्रतिभा ने अनदेखी का मुद्दा उठाया:** पर्यवेक्षकों ने मंत्रियों और विधायकों से एक-एक कर बात की। इसी बीच प्रतिभा सिंह ने 14 महीनों तक सत्ता में पार्टी संगठन के लोगों को हिस्सेदारी न मिलने का मुद्दा उठाया। इससे पहले, कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री आवास पर हुई चर्चा में शामिल नहीं हुए। इसी बीच भाजपा दिनभर दावा करती रही कि कांग्रेस विधायकों का एक धड़ा भाजपा से जुड़ सकता है। वहीं, प्रतिभा सिंह के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की भी चर्चा चलती रही। हालांकि, बाद में डीके शिवकुमार ने प्रतिभा सिंह और विक्रमादित्य की मुख्यमंत्री संग बैठक कराई।

➤ मान-मनुहार P08



शिमला में गुरुवार को पर्यवेक्षक डीके शिवकुमार के साथ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह।

**04** दिन से हिमाचल में कांग्रेस सरकार को लेकर चल रही थी अटकलें

**06** विधायकों को विधानसभा स्पीकर ने अयोग्य घोषित किया

“ हिमाचल में कांग्रेस की सरकार पूरे पांच साल चलेगी। भाजपा का प्रयास हमेशा चुनी हुई सरकारों को गिराने का रहता है। लेकिन हमारे जो भी गिले-शिकवे थे, उन सब को दूर कर लिया गया है। पार्टी हाईकमान जल्द ही समन्वय समिति की घोषणा करेगा।

-डीके शिवकुमार, कांग्रेस पर्यवेक्षक

### बागी लौटना चाहते हैं तो उनका स्वागत : सीएम

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार गिराने के मंसूबों में भाजपा कामयाब नहीं हो पाएगी। भाजपा ने जो किया वो कभी हिमाचल ने नहीं देखा। यदि छह बागी घर वापसी करना चाहते हैं तो उनका स्वागत है, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। उनके घरवाले खुद परेशान हैं।

### समन्वय समिति बनेगी

बैठक के बाद तय किया गया है कि सरकार और संगठन के बीच सभी तरह के विषयों को देखने के लिए छह सदस्यीय समन्वय समिति काम करेगी। इसमें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित हाईकमान द्वारा मनोनीत तीन और सदस्य होंगे।

# भाजपा नेतृत्व का लोकसभा उम्मीदवारों के चयन पर मंथन

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार तय करने के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने गुरुवार देर रात तक मंथन किया। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक रात लगभग 11 बजे शुरू हुई। इसके पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके आवास पर लंबी बैठक की। पार्टी एक-दो दिन में उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर सकती है।


लोकसभा चुनावों के लिए प्रत्याशी तय करने के लिए भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की यह पहली बैठक थी। इसके लिए विभिन्न राज्यों के नेता शाम से ही भाजपा मुख्यालय पहुंचना शुरू हो गए थे। नड्डा और शाह ने बीते दिनों विभिन्न राज्यों के कोर ग्रुप के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कर उम्मीदवारों को लेकर चर्चा की थी। इसमें लगभग हर सीट पर पैनल थे। बाद में केंद्रीय नेताओं ने पैनल छोटे करने को कहा। भाजपा नेतृत्व ने प्रधानमंत्री के साथ अलग से चर्चा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इस बैठक में जेपी नड्डा और अमित शाह मौजूद रहे। पार्टी पहली सूची में अपने बड़े नेताओं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं रक्षा मत्री राजनाथ सिंह के नाम भी घोषित कर सकती है।

➤ बदल सकते हैं चेहरे P05



### टिकट कटने, मिलने को लेकर चर्चाओं का दौर

सूत्रों का कहना है कि पहली सूची में लगभग 200 उम्मीदवार हो सकते हैं। इनमें अधिकांश सीटें वे होंगी जिन पर भाजपा पिछली बार हार गई थी। इसके कारण बैठक शुरू होते ही चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया कि किसको टिकट मिली और किसकी कटी।




www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार
1 मार्च 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

• पांच प्रदेश • 21 संस्करण

जसप्रीत बुमराह की पांचवें टेस्ट के लिए टीम इंडिया में वापसी हुई



Triveni® ALMIRAH

India's No.1 DOMESTIC ALMIRAH



पूज्य गुरू जी महामण्डलेश्वर स्वामी अभयानंद सरस्वती जी से आशीर्वाद प्राप्त करते हुये

# त्रिवेणी अलमीरा

Powder Coated Domestic Fancy Almirahs

लाडली बिटिया की गृहस्थी में निपटाऊ नहीं टिकाऊ

30 वर्षों से त्रिवेणी अलमीरा एक प्रोडक्ट नहीं, भरोसा है

- तालों की 10 वर्षों की गारण्टी
- पेन्ट की 10 वर्षों की गारण्टी
- फ्री होम डिलीवरी

कम्पनी शोरूमः

गाजियाबाद

गौर सिटी के पास, तिगरी चौराहा, ग्रेटर नोएडा

फोनः 9453045698, 9336902458

ऑफिस मॉडल



स्वाती-2 (2010x915x530)mm ₹12,400/-

गोमती-2 (2010x915x530)mm ₹13,200/-

तिजोरी-21 (2010x915x530)mm ₹15,400/-

ग्लोस-21 (2010x915x530)mm ₹15,900/-

फाइल कैबिनेट 25 (1300x560x540)mm ₹14,500/-

फाइल कैबिनेट 35 (1725x560x540)mm ₹18,000/-

बिग फाइल कैबिनेट 65 (1725x915x540)mm ₹22,000/-



कादम्बरी (2010x1066x530)mm ₹26,400/-

बहूरानी (2010x1066x530)mm ₹27,400/-

गौरी-3 (2010x1066x530)mm ₹20,000/-

उर्वशी (2010x915x590)mm ₹21,500/-

मोहिनी (2010x1066x590)mm ₹25,500/-

सजनी (2010x1230x590)mm ₹31,500/-

दुल्हन (2010x1230x530)mm ₹31,700/-



रानी (2010x915x530)mm ₹18,200/-

गोमती-4 (2010x915x530)mm ₹18,600/-

गंगा-4 (2010x1230x530)mm ₹29,700/-

गंगा-3 (2010x1230x530)mm ₹31,700/-

चित्रलेखा (2010x1460x530)mm ₹54,700/-

भाग्यश्री-4 (2010x1676x610)mm ₹79,700/-

For Corporate/Bulk Enquiries, Contact No.: +91 9336902458, 8874208127, 9336902485, 8874208131

Email : info@trivenialmirah.com I Website: www.trivenialmirah.com

स्टोर लोकेशन के लिए स्कैन करें

www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार
1 मार्च 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

• पांच प्रदेश • 21 संस्करण



जसप्रीत बुमराह की पांचवें टेस्ट के लिए टीम इंडिया में वापसी

P-20

तृणमूल कांग्रेस नेता पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोप

# संदेशखाली का आरोपी शाहजहां शेख गिरफ्तार



तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को गुरुवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। • प्रेट्र

**55** दिनों से फरार चल रहा था तृणमूल नेता शाहजहां शेख

**10** दिन के लिए पुलिस हिरासत में अदालत ने आरोपी को भेजा

**बशीरहाट, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के नेतृत्व में हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शन और कई दिनों तक चले सियासी संग्राम के बाद गुरुवार तड़के तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया गया। 55 दिन से फरार चल रहे शेख पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोप हैं। मामले की जांच अब अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के हाथ में आ गई है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि शेख को संदेशखाली से लगभग 30 किलोमीटर दूर मिनाखान थाना क्षेत्र में एक घर से गिरफ्तार किया गया। वह कुछ साथियों के साथ घर में छिपा था। गिरफ्तारी के बाद उसे बशीरहाट अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस ने बताया कि शेख को कथित राशन घोटाला मामले में पांच जनवरी को उसके घर पर छापेमारी के दौरान ईडी टीम पर हमले के संबंध में नजात थाने में दर्ज दो मामलों में गिरफ्तार किया गया।

**शेख के खिलाफ 100 से अधिक शिकायतें:** पिछले कुछ हफ्तों में शेख के खिलाफ 100 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें धारा 376डी (सामूहिक दुष्कर्म)के मामले भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि ज्यादातर शिकायतकर्ताओं ने दावा किया कि शाहजहां ने लोगों की जमीन पर कब्जा कर लिया और इलाके की महिलाओं पर अत्याचार किया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि शेख का पता उसके मोबाइल फोन की लोकेशन से चला। शेख लगातार स्थान बदल रहा था।

**राज्य के कुछ हिस्सों में गुंडों का राज-राज्यपाल :** राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि अंधकार के बाद उजाला जरूर होता है। मैं इसका स्वागत करता हूं। उन्होंने शेख की गिरफ्तारी के लिए सोमवार रात राज्य सरकार को 72 घंटे की समयसीमा दी थी। उन्होंने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह एक अंत की शुरुआत है। हमें पश्चिम बंगाल में हिंसा के चक्र को समाप्त करना होगा।

**सहयोगी भी ओडिशा से गिरफ्तार :** एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने पड़ोसी राज्य ओडिशा के राउरकेला में एक ठिकाने से शेख के एक अन्य करीबी सहयोगी अमीर गाजी को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा, उसे पश्चिम बंगाल वापस लाया गया और एक अदालत के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट ने उसे पांच दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। वहीं, संदेशखाली के स्थानीय लोगों ने शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर जश्न मनाया।

➤समीकरण बिगड़ेगा P18

### तृणमूल ने शेख को छह वर्ष के लिए निलंबित किया

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि शाहजहां शेख को छह वर्ष के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा, हमने अतीत में भी ऐसे उदाहरण पेश किए हैं और आज भी कर रहे हैं। हम भाजपा को उन नेताओं को निलंबित करने की चुनौती देते हैं, जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार और कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## फैसला: देश में सेमीकंडक्टर संयंत्र बनाने के लिए तीन परियोजनाएं मंजूर

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को अहम फैसले में देश में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। ये संयंत्र 1.26 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ गुजरात और असम में स्थापित किए जाएंगे। इसके जरिए देश में चिप की जरूरत पूरा करने के लिए आयात पर निर्भरता को कम किया जा सकेगा।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री-सूर्य घर योजना को भी मंजूरी दी गई। 75 हजार 21 करोड़ रुपये की लागत वाली इस योजना के तहत एक करोड़ घरों को हर माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने 13 फरवरी को इस योजना की शुरुआत की थी। इससे देश में सौर ऊर्जा के उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रक्षा, ऑटोमोबाइल और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों के लिए चिप बनाने वाली इन इकाइयों का निर्माण अगले 100 दिनों में शुरू हो जाएगा। तीनों इकाइयां सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण परिवेश का विकास कार्यक्रम के तहत स्थापित की जाएंगी। इनमें टाटा समूह और जापान की रेनेसस इलेक्ट्रॉनिक्स की परियोजनाएं शामिल हैं। इस कार्यक्रम के तहत 76 हजार करोड़ रुपये की सरकारी मदद दी जाती है।

➤कैबिनेट फैसले P18



**1.26** लाख करोड़ का निवेश संयंत्रों पर होगा

### बैठक के प्रमुख निर्णय

- प्रधानमंत्री-सूर्य घर योजना पर कैबिनेट की मोहर लगी
- बाघों के संरक्षण के लिए इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस को हरी झंडी
- खरीफ सत्र के लिए पीएंडके उर्वरकों पर 24,420 करोड़ की सब्सिडी को मंजूरी
- 12 महत्वपूर्ण एवं सामरिक खनिजों की रॉयल्टी दर तय

## मध्य प्रदेश में पिकअप पलटने से 14 की मौत

**डिंडोरी (मध्य प्रदेश), एजेंसी।** मध्य प्रदेश के डिंडोरी जिले में एक वाहन पलटने से 14 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। दुर्घटना बुधवार देर रात डेढ़ बजे बड़झर घाट के पास हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों के लिए 50 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। वहीं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह राशि के तौर पर देने का ऐलान किया है।

## बीती तिमाही दोगुनी रही अर्थव्यवस्था की रफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की आर्थिक वृद्धि दर ने एक बार फिर सभी अनुमानों को पीछे छोड़ दिया। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्तूबर-दिसंबर) में जीडीपी वृद्धि दर तेज रफ्तार के साथ बढ़कर 8.4 प्रतिशत रही है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 4.3 प्रतिशत रही थी।

सांख्यिकी मंत्रालय ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के जीडीपी के आंकड़े जारी किए। रिजर्व बैंक ने आर्थिक वृद्धि दर सात फीसदी रहने का अनुमान जताया था।

**क्या है इसके मायने :** भारतीय अर्थव्यवस्था ने यह रफ्तार ऐसे समय में बना रखी है जब चीन और यूरोजोन आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। आईएमएफ ने अनुमान लगाया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चीन (4.6%), अमेरिका (2.1%), जापान (0.9%), फ्रांस (1%), यूके (0.6%) और जर्मनी (-0.5%) से बेहतर प्रदर्शन करेगी।

➤जोरदार छलांग P17

> 8.4 फीसदी की मजबूत जीडीपी वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत और क्षमता को दर्शाती है। तेज आर्थिक विकास के हमारे प्रयास जारी रहेंगे। – नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

## सीरियल बम धमाकों का आरोपी टुंडा बरी

**अजमेर, एजेंसी।** राजस्थान में अजमेर स्थित टाडा अदालत ने 1993 में अलग-अलग शहरों में हुए सीरियल ट्रेन बम धमाकों के आरोपी अब्दुल करीम उर्फ टुंडा को बरी कर दिया। 30 वर्ष पुराने मामले में दो अन्य आरोपियों को उम्रकैद की सजा दी गई। अदालत ने कहा, अभियुक्तों का अपराध नरम रुख अपनाने लायक नहीं है।

न्यायाधीश महावीर प्रसाद गुप्ता की अदालत में सीबीआई टुंडा के खिलाफ आरोप सिद्ध नहीं कर पाई, जिसके बाद उसे बरी कर दिया गया। सीबीआई टाडा अदालत के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी। टुंडा पर दिसंबर 1993 में बाबरी विध्वंस की पहली बरसी पर विभिन्न शहरों में पांच ट्रेन में विस्फोट करने का आरोप है। ये धमाके कोटा, सूरत, सिकंदराबाद, कानपुर आदि शहरों में हुए थे। आरोपियों के खिलाफ आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के साथ ही विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम और भारतीय रेलवे अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे।

➤जारी हुआ था नोटिस P06

### इन ट्रेनों में हुए थे विस्फोट

आरोप था कि अब्दुल करीम उर्फ टुंडा ने नई दिल्ली से हावड़ा जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस, नई दिल्ली-मुंबई राजधानी एक्सप्रेस, सूरत-बड़ौदा फ्लाइंग क्वीन एक्सप्रेस और हैदराबाद-नई दिल्ली एपी एक्सप्रेस में धमाके कराए थे। इन सिलसिलेवार विस्फोटों में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो दर्जन लोग घायल हुए थे।

## किसान का अंतिम संस्कार, आंदोलन पर कोई फैसला नहीं

**चंडीगढ़, एजेंसी।** खनौरी सीमा पर सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प में जान गंवाने वाले किसान शुभकरण सिंह का अंतिम संस्कार गुरुवार को पंजाब के बठिंडा जिले में उनके पैतृक गांव में कर दिया गया।

फिलहाल, आंदोलन की आगे की रणनीति के बारे में किसान संगठनों की ओर से कोई घोषणा नहीं की गई है। इससे पहले किसानों ने एंबुलेंस के साथ मार्च निकाला।


## सात वर्षों में सबसे साफ रही फरवरी की हवा

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** रिकॉर्ड बारिश के चलते बीते छह वर्षों में राजधानी की हवा फरवरी में सबसे ज्यादा साफ-सुथरी रही।

केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के मुताबिक, वर्ष 2018 से लेकर 2024 के फरवरी माह की तुलना करें तो इस बार प्रदूषण का स्तर सबसे कम रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, इस वर्ष फरवरी में पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता देखने को मिली। इसके चलते रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई। इस कारण प्रदूषण स्तर भी बीते छह वर्षों में सबसे कम देखने को मिला है। आयोग के मुताबिक, इस बार फरवरी में 15 दिन ऐसे रहे हैं, जब वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 से नीचे यानी हवा अच्छी, संतोषजनक या मध्यम श्रेणी में रही। बीते छह वर्षों में यह सबसे ज्यादा है।

### इस तरह साफ रही हवा

(नोट: आंकड़े केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अनुसार हैं)




## राम रहीम को पैरोल देने से पूर्व अनुमति लें: हाईकोर्ट

- बार-बार पैरोल देने के लिए सरकार की आलोचना की
- दो महिला शिष्यों से दुष्कर्म के आरोप में सजा काट रहा

**चंडीगढ़, हिन्दुस्तान टीम।** हत्या और दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को पैरोल देने पर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। कोर्ट ने गुरुवार को हरियाणा सरकार से कहा कि वह अदालत की अनुमति के बिना राम रहीम को पैरोल देने पर विचार न करें।

उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जीएस संधवालिया और न्यायमूर्ति लापिता बनर्जी की पीठ ने राम रहीम को बार-बार पैरोल देने के लिए राज्य सरकार की आलोचना की। पीठ ने कहा कि 29 जनवरी, 2023 से हाईकोर्ट के समक्ष मामला लंबित होने के बाद भी हरियाणा सरकार ने पैरोल देने का विकल्प चुना, यह निंदनीय है। अदालत राम रहीम को दी गई लगातार पैरोल के खिलाफ शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बता दें कि राम रहीम 2002 में सिरसा के डेरा परिसर में दो महिला शिष्यों से दुष्कर्म के आरोप में सजा काट रहा है।

## 'ट्रायल या हाईकोर्ट की रोक स्वतः समाप्त नहीं होगी'

- सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने यह व्यवस्था दी
- वर्ष 2018 के फैसले को रद्द किया गया

■ प्रभात कुमार

**नई दिल्ली।** 'दीवानी और आपराधिक मामलों में जिला अदालत या हाईकोर्ट द्वारा दिए स्थगन आदेश छह माह बाद स्वतः समाप्त नहीं होंगे।' सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने गुरुवार को महत्वपूर्ण फैसले में यह व्यवस्था दी।

संविधान पीठ ने सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2018 के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि जिला अदालत या हाईकोर्ट द्वारा दीवानी और आपराधिक मामलों में पारित अंतरिम /स्थगन आदेश छह माह बाद स्वतः समाप्त हो जाएगा, जब तक कि संबंधित अदालत द्वारा उसे विशेष रूप से बढ़ाया न जाए। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति अभय एस. ओका, जे.बी. पारदीवाला, पंकज मिथल और मनोज मिश्रा की संविधान पीठ ने यह फैसला दिया है। संविधान पीठ ने यह व्यवस्था दी कि संवैधानिक अदालतों को आमतौर पर अधीनस्थ कोर्ट में लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समयसीमा तय करने से बचना चाहिए।

➤आदेश दे सकती हैं P18

**कुछ अलग** | एआई डेमोक्रेसी प्रोजेक्ट्स की ओर से पांच प्रमुख चैटबॉट पर किए गए अध्ययन में खुलासा हुआ

## चुनावी गणित में कच्चा साबित हुआ एआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप चुनाव को लेकर विश्वसनीय जानकारी चाहते हैं तो एआई चैटबॉट के भरोसे न रहें, क्योंकि एआई चैटबॉट चुनाव से संबंधित गलत और भ्रामक जानकारी दे रहे हैं।

एआई डेमोक्रेसी प्रोजेक्ट्स के अध्ययन में इससे जुड़े खतरों के प्रति आगाह किया गया है। अध्ययन में अमेरिकी चुनाव अधिकारियों, पत्रकारों, एआई विशेषज्ञों को शामिल किया गया। अध्ययन में पांच प्रमुख एआई चैटबॉट ओपन एआई का जीपीटी -4, अल्फाबेट का जेमिनी, एंथ्रोपिक्स का क्लाउड, मेटा का लामा 2 और मिस्ट्रल एआई का मिक्स्ट्रल भाषा मॉडल को शामिल किया गया। इस दौरान 130 से अधिक जवाबों के विश्लेषण में पाया गया कि जवाब गलत, अधूरे तथा पूर्वाग्रह से ग्रसित थे। बता दें कि इस वर्ष भारत समेत 50 से अधिक देशों में चुनाव हैं।

### 51% भाषा मॉडलों ने गलत जवाब दिए






**प्रदर्शन बेहद खराब रहा** जेमिनी, लामा 2 और मिक्स्ट्रल ने सबसे अधिक 60% सवालों के गलत जवाब दिए। जेमिनी ने 62 प्रतिशत सवालों में अधूरी जानकारी दी।

### सबसे अधिक गलत जवाब वाले चैटबॉट




### अधूरी जानकारी दी




### प्रमुख पांच



**एमपी तेंदुओं के मामले में पहले स्थान पर**

1 देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या 3907 मध्य प्रदेश में है। टाइगर स्टेट के बाद तेंदुओं की संख्या में भी मध्य प्रदेश ने पहले स्थान पर तमगा बरकरार रखा है। P08

**ई-वाहनों पर फिर सब्सिडी मिलेगी**

2 परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने ई वाहन नीति में सब्सिडी लागू करने को लेकर सरकार को कैबिनेट मंजूरी के लिए प्रस्ताव भेजा है। P04

**पाक और तुर्किये को सख्त हिदायत**

3 भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में कहा कि दुनियाभर के प्रायोजित आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान के हाथ खून से रंगे हैं। P21

**नोएडा-ग्रेनो में आज से फ्लैटों की रजिस्ट्री होगी**

4 नोएडा-ग्रेनो प्राधिकरण में लंबे समय से अटकी पड़ीं रजिस्ट्री की शुरुआत शुक्रवार से शुरू होगी। बिल्डरों ने बकाया चुका दिया है। P06

**अब भी अमन की राह देखता मणिपुर**

5 चिंताजनक है कि शांति-बहाली के तमाम प्रयासों के बावजूद हिंसा रह-रहकर भड़क उठती है। लग रहा है कि हम एक ऐसी अंधेरी सुरंग से गुजर रहे हैं, जिसका दूर-दूर तक कोई सिरा नहीं।



चंदन कुमार शर्मा P14



## काम की खबरें

**1 एनडीएमसी सुविधा शिविर कल लगेगा**

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद द्वारा लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए शनिवार को सुविधा शिविर का आयोजन किया जाएगा। एनडीसीसी कंवेंशन सेंटर पर सुबह 10:30 से 12:30 बजे तक शिविर लगेगा।

**2 पीजीटी अर्थशास्त्र की कट ऑफ लिस्ट जारी**

डीएसएसएसबी ने पीजीटी अर्थशास्त्र (महिला) पद की भर्ती प्रक्रिया के तहत कट ऑफ लिस्ट जारी की है। सामान्य 201.29, ओबीसी 183.31, एसटी 100.96 और दिव्यांग की कट ऑफ लिस्ट 109.96 है, जिसे अभ्यर्थी संबंधित वेबसाइट पर देख सकते हैं।

**3 अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन में भाग लेने का मौका**

शिक्षा निदेशालय द्वारा छात्रों को अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका दिया जा रहा है। इसको लेकर अधिक जानकारी के लिए लिंक **https://www.indiapost.gov.in** पर विजिट कर सकते हैं। प्रतियोगिता का आयोजन 20 मार्च को होगा।

**4 बीकानेर हाउस में प्रदर्शनी का आयोजन एक मार्च से**

दिल्ली सरकार का साहित्य कला परिषद, कला और संस्कृति विभाग एक मार्च से इंडिया गेट पर पंडारा रोड पर स्थित बीकानेर हाउस में 'वॉयस ऑफ कलर्स' प्रदर्शनी शुरू करने जा रहा है। दिल्ली सरकार के कला एवं संस्कृति मंत्री सौरभ भारद्वाज प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।

**5 संपत्तियों की जियो टैगिंग की तिथि 31 तक बढ़ी**

दिल्ली नगर निगम ने संपत्तियों की जियो टैगिंग की अंतिम तिथि को 31 मार्च 2024 तक बढ़ा दिया है। दरअसल, निगम के यह संज्ञान में आया है कि बड़ी संख्या में संपत्तिकरदाताओं ने अपनी संपत्तियों को जियो टैग नहीं किया है। इसके मद्देनजर तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

## आज का मौसम

27.0° अधिकतम | 12.0° न्यूनतम

सूर्योदय : 06:47। सूर्यास्त : 18:20

**अनुमान**
मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली के कई इलाकों में बादल छाए रहेंगे।

बड़े नामों के साथ संगठन में लंबे समय से काम कर रहे कार्यकर्ता भी सूची में शामिल, केंद्रीय चुनाव समिति को नाम भेजे गए

# भाजपा बदल सकती है चार चेहरे, संभावितों में वरिष्ठ नेता शामिल

**सत्ता संग्राम** (सात सीट किसकी)

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। राजधानी दिल्ली में इस बार भाजपा सात में से चार सीटों पर उम्मीदवार बदल सकती है। प्रदेश की तरफ से केंद्रीय चुनाव समिति को नाम भेजे जा चुके हैं। संभावित नामों से प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा।

बड़े नामों के साथ संगठन में लंबे समय से काम कर रहे कार्यकर्ताओं को भी संभावितों की सूची में रखा गया है। साथ ही, दो महिला दावेदारों के नाम भी हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, इस बार नई दिल्ली, चांदनी चौक, पूर्वी दिल्ली और उत्तरी पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट का टिकट बदला जा सकता है।

नई दिल्ली सीट के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री रहीं स्वर्गीय सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज का नाम शामिल है। बांसुरी अभी दिल्ली भाजपा में मंत्री भी हैं। यहां से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय का नाम भी संभावितों की सूची में शामिल है। इसके साथ ही, एक हाई प्रोफाइल केंद्रीय मंत्री का नाम भी दिल्ली से चल रहा है। इस पर फैसला आलाकमान को लेना है। इस सीट से केंद्रीय राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी अभी सांसद है।

**हर्षवर्धन की सीट पर मंथन :** चांदनी चौक लोकसभा सीट के लिए विष्णु मित्तल, प्रवीण खंडेलवाल का नाम संभावितों की सूची में रखा गया है। विष्णु मित्तल प्रदेश में उपाध्यक्ष हैं, जबकि प्रवीण खंडेलवाल व्यापारी नेता हैं और चांदनी चौक क्षेत्र से जुड़े हैं। चांदनी चौक से वर्तमान में डॉ. हर्षवर्धन सांसद हैं।

पूर्वी दिल्ली से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, प्रदेश में महामंत्री हर्ष मल्होत्रा का नाम प्रस्तावित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष स्वयं भी पूर्वी दिल्ली क्षेत्र से आते हैं। इस सीट से अभी क्रिकेटर गौतम गंभीर सांसद हैं। उत्तर पश्चिमी से योगेंद्र चंदोलिया और दुष्यंत गौतम का नाम भी रखा है। गौतम भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हैं, जबकि चंदोलिया प्रदेश में महामंत्री हैं। यहां पिछली बार भाजपा ने टिकट बदलकर हंसराज हंस को चुनाव मैदान में उतारा था।

**पश्चिमी, उत्तर पूर्वी और दक्षिणी दिल्ली पर दावेदारी मजबूत :** पश्चिमी दिल्ली से सांसद प्रवेश वर्मा के साथ आशीष सूद का नाम भी भेजा गया है, जो वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के सहप्रभारी हैं। हालांकि इस सीट पर चेहरा बदले जाने की संभावना बहुत कम है। जाट बहुल इस क्षेत्र में प्रवेश वर्मा की पकड़ मानी जाती है। इसी तरह, दक्षिणी दिल्ली सीट पर वर्तमान सांसद रमेश बिधूड़ी और उत्तर पूर्वी पर मनोज तिवारी को बदलने की संभावना कम है।

### सभी सीटों पर प्रत्याशी जल्द घोषित होंगे

दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर इस बार जल्द उम्मीदवार घोषित होने की संभावना है। भाजपा से जुड़े लोगों का कहना है कि इस बार केंद्रीय नेतृत्व ने बहुत पहले नाम मांगे हैं, जिन पर केंद्रीय चुनावी समिति ने मंथन भी शुरू कर दिया है। इसे देखते हुए यह तय माना जा रहा है कि वर्ष 2014 और वर्ष 2019 की तरह प्रताशियों के नाम घोषित करने में ज्यादा देरी नहीं होगी। पिछले दो लोकसभा चुनावों में नामाकन से कुछ दिन पहले ही प्रत्याशियों के नाम घोषित किए गए थे।

### संकल्प पत्र के लिए लोगों से सुझाव मांगे गए

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए दिल्ली भाजपा पूरी तरह से चुनावी मोड में आ चुकी है। पार्टी की तरफ से जिला, विधानसभा और लोकसभा वार समीक्षा की जा रही है। नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए पार्टी ने अभियान शुरू किया है। इसी बीच पार्टी ने संकल्प पत्र के लिए लोगों से सुझाव मांगने के लिए अभियान शुरू किया है। पार्टी प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को प्रेसवार्ता में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने औपचारिक तौर पर यह अभियान शुरू किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इससे पहले हमने वर्ष 2014 व 2019 में जनता के सुझाव पर पार्टी का संकल्प पत्र तैयार किया था। हमें खुशी है कि वर्ष 2014 के 530 बिंदुओं में से 529 पर हमने काम किया। वर्ष 2019 के 234 में 222 सुझावों पर हमारी पार्टी और केंद्र सरकार ने काम किया। इस बार पार्टी ने संकल्प पत्र तैयार करने के लिए बड़ा प्लान बनाया है। अभियान के तहत हमारे कार्यकर्ता दिल्ली के बाजारों, मोहल्लों और सोसायटियों में जाएंगे। साथ ही सामाजिक संस्थानों से भी सुझाव लिए जाएंगे।


नई दिल्ली में भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के कार्यालय के बाहर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की एक प्रतिकृति लगाई गई। • सोनू मेहता

# युवा मतदाता बनने के लिए ऑनलाइन आवेदन करें

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। लोकसभा चुनाव को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। दिल्ली में मुख्य निर्वाचन कार्यालय की तरफ से लगातार तैयारियों की समीक्षा भी की रही है।

इस बीच कोशिश की जा रही है कि कोई भी योग्य व्यक्ति मतदाता बनने से ना छूट जाए। इसलिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वो अपना मतदाता पहचान पत्र जरूर बनाएं। ऐसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष पूरी हो गई है या फिर अगले कुछ महीने में पूरी होने जा रही है वो आयोग की वेबसाइट **www.voterportal.eci.gov.in** पर सारी प्रक्रिया ऑनलाइन कर सकते हैं। मतदाता बनने के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन है।

**ऐसे मदद लें**

मतदाता बनने के लिए आप चुनाव आयोग की हेल्पलाइन- 1951 पर कॉल कर सकते हैं, जहां से आपको पूरी जानकारी मिलेंगी। इसके साथ ही, आप वोटर हेल्पलाइन ऐप भी अपने मोबाइल में स्टॉल कर सारी प्रक्रिया को मोबाइल के जरिए भी पूरा कर सकते हैं।

## शहर 30S

### उपनाम को लेकर केंद्र से जवाब मांगा

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने महिला द्वारा शादी से पहले के उपनाम के इस्तेमाल को लेकर दाखिल याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। याचिका में कहा गया है कि यदि कोई विवाहित महिला अपने पहले उपनाम का उपयोग करना चाहती है, तो उसे अपने पति से तलाक की डिक्री या अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा। खंडपीठ ने सरकार को 28 मई तक अपना जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

### कर्मियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा ने आरोप लगाया है कि एमसीडी में तैनात करीब 28 हजार बी और सी श्रेणी के कर्मियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। इनमें शिक्षक, इंजीनियर, डॉक्टर, नर्स और प्रशानिक कर्मचारी शामिल हैं। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर का कहना है कि काफी लोगों को दिसंबर के बाद वेतन नहीं मिला है, जबकि दिल्ली नगर निगम की महापौर दावा करती हैं कि हर महीने की पहली तारीख को भुगतान किया जा रहा है।

### भारत मंडप में कल उद्यमिता उत्सव का आयोजन

नई दिल्ली। प्रगति मैदान के भारत मंडपम में दो मार्च को भारतीय उद्यमिता उत्सव 2024 का आयोजन किया जाएगा। समाधान समूह और स्वावलंबी भारत अभियान के सहयोग से स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित होने वाले उत्सव दो सत्र आयोजित किए जाएंगे। स्वावलंबी भारत अभियान के अखिल भारतीय सह समन्वयक जितेंद्र गुप्त व समाधान ग्रुप के अध्यक्ष सीए मुकेश शुक्ला ने बताया कि उत्सव के दौरान विभिन्न व्यवसायों से जुड़े उत्कृष्ट उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा।

### जैविक खेती को लेकर जागरूक किया

नई दिल्ली। भाटी गांव में जैविक खेती के लिए किसानों को जागरूक करने के लिए द हंस फाउंडेशन द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। हंस गोशाला के संचालक मानस स्वाईन ने किसानों और पशु पालकों को जैविक खेती और कंपोस्ट खाद के बारे में जागरूक किया। कार्यशाला में फतेहपुर बेरी पशु अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. बाला मुरुगन ने बकरियों में पाई जाने वाली बीमारियों और उनके उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### 50 विकास कार्यों की एक साथ शुरुआत होगी

नई दिल्ली। राजेंद्र नगर विधानसभा में पहली बार एक साथ 50 विकासकार्यो की शुरुआत हो रही है। जिसका उद्घाटन समारोह एक मार्च 2024 को रखा गया है। आप विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि मैंने एक साल के कार्यकाल में जो भी कमाया है, वह जनता के आशीर्वाद से संभव हुआ है। सभी से निवेदन है कि 50 विकास कार्यो के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनकर हमें अपना आशीर्वाद दें ताकि हम पूरी उत्साह से काम कर पाएं।

### 'आप में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व नहीं'

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा महासचिव कमलजीत सहरावत और महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पांडे मिश्रा ने आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा घोषित लोकसभा उम्मीदवारों में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। इससे पता चलता है कि उनके यहां राजनीति में महिलाओं की कितनी हिस्सेदारी है। आप ने एक भी महिला उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारा है।

### ईडब्ल्यूएस सीटों पर दाखिला कार्यक्रम जल्द

नई दिल्ली। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए निजी स्कूलों में प्रवेश स्तर (नर्सरी, केजी, पहली) की आर्थिक पिछड़ा वर्ग(ईडब्ल्यूएस)/वंचित वर्ग(डीजी)/विशेष आवश्यकता वाले बच्चे (सीडब्ल्यूएसएन) श्रेणी की सीटों पर दाखिला को लेकर कार्यक्रम जल्द जारी होगा।

# एक्सप्रेसवे का काम जल्द शुरू करें : एनएचएआई

- निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए, अब हर 15 दिन में समीक्षा होगी

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के पांचवें चरण का काम पिछड़ने के बाद नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने निर्माण एजेंसी से तत्काल काम शुरू करने के लिए कहा है।

एनएचएआई ने कहा कि अब हर 15 दिन पर निर्माण कार्य की समीक्षा होगी। निर्माण एजेंसी को यह सुनिश्चित करानी होगा कि पांचवें चरण के हर हिस्से में स्ट्रक्चर बनाने का काम शुरू हो। अगर किसी एक हिस्से में काम बंद पाया जाता है तो उसके लिए पेनल्टी भी लगाई जाएगी। ध्यान रहे कि एक्सप्रेसवे के पांचवें चरण में करीब 14 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जो गाजियाबाद की सीमा से शुरू होकर मेरठ में हापुड़ रोड को जोड़ेगी।

इस हिस्से के तैयार होने पर दिल्ली से मेरठ के पूर्वी, दक्षिणी और उत्तरी हिस्से में जाना आसान हो जाएगी। इससे मेरठ के बीच में जाम का झंझट भी खत्म होगा। यह हिस्सा मार्च 2024 तक तैयार होना था, लेकिन करीब नौ महीने तक निर्माण कार्य किसानों के विरोध के चलते रुका रहा।

# हमारा काम शहरों का विलय नहीं : अदालत

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। उच्च न्यायालय ने गुरुवार को दिल्ली के पड़ोसी शहरों जैसे मेरठ, फरीदाबाद और गुरुग्राम को राष्ट्रीय राजधानी में विलय करने की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने कहा कि ये शहर संबंधित क्षेत्राधिकार वाले उच्च न्यायालयों से बहुत दूर हैं। इसलिए इन्हें दिल्ली का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि पंजाब के लिए जालंधर में एक नया उच्च न्यायालय स्थापित किया जाना चाहिए, क्योंकि केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में वर्तमान उच्च न्यायालय अमृतसर जैसे स्थानों में रहने वालों के लिए असुविधाजनक है।

# एनजीटी ने गंदे पानी पर चेतावनी दी

**सख्ती**

नई दिल्ली, एजेंसी। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने बरसाती नाले में सीवर का पानी छोड़े जाने को लेकर दिल्ली सरकार और दो अन्य पक्षों को जुर्माना लगाने की चेतावनी दी है।

कोर्ट ने इस बात पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है कि बरसाती नाले में सीवर छोड़े जाने को रोकने में उनकी विफलता के लिए उन पर पर्यावरणीय मुआवजा क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए।

ट्रिब्यूनल ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों को चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई अब 6 मई होगी। एनजीटी दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा दक्षिण दिल्ली में मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शिवालिक, लाल गुंबद और पंचशील पार्क क्षेत्रों से लेकर ग्रेटर कैलाश निर्वाचन क्षेत्र के शाहपुर जाट क्षेत्र तक सीवर लाइन को बरसाती पानी के नाले से जोड़ने के संबंध में एक मामले की सुनवाई कर रहा है।

याचिका के अनुसार, खेल गांव की ओर बहने वाले बरसाती नाले का पानी प्रदूषित हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप स्वास्थ्य संबंधी खतरे पैदा हो रहे हैं। ट्रिब्यूनल ने पिछले साल मार्च में दक्षिण दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) को एक पैनल का गठन और उसे उचित उपचारात्मक कार्रवाई करने के बाद रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था।

### तीन वर्ष से कार्रवाई नहीं की गई : पीठ

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने 24 फरवरी की डीजेबी रिपोर्ट पर ध्यान दिया। रिपोर्ट के अनुसार, सीवर अभी भी पानी में बह रहा है और तीन साल से अधिक समय से बोर्ड द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इसलिए हम सभी संबंधित उत्तरदाताओं को उनके द्वारा पर्यावरण मानदंडों के उल्लंघन के मुद्दे पर सुनवाई की अगली तारीख पर बहस करने का अवसर देते हैं और यह भी बताते हैं कि उन पर पर्यावरणीय मुआवजा क्यों नहीं लगाया जाए। पीठ में न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल और अफरोज अहमद शामिल हैं।

# दो महीने में कई नए स्कूल खोले जाएंगे : निगम

- सभी विद्यालयों में छात्रों के लिए कंप्यूटर लैब स्थापित होंगी
- इंडोर गतिविधियों के साथ पर्यावरण के प्रति जागरुक किया जाएगा

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली नगर निगम की ओर से दो माह में कई नए स्कूल शुरू किए जाएंगे। इसके मद्देनजर सैकड़ों छात्रों को लाभ मिलेगा। इन स्कूलों में छात्रों के लिए कंप्यूटर लैब स्थापित होंगी।

छात्रों के लिए इंडोर गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया मिलेगा। छात्रों को विज्ञान विषय से बेहतर तरीके से जोड़ने के लिए भी कई प्रतियोगिता के जरिए उन्हें शिक्षण मिलेगा। शुक्रवार को विष्णु गार्डन में भी एक स्कूल को शुरू किया जा रहा है। इसमें छात्रों को खेल परिसर की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही पर्यावरण के प्रति छात्रों को संदेश देते हुए कई जानकारी भी साझा की जाएगी।

अधिकारियों के अनुसार, निगम की योजना है कि छात्र-छात्राओं को अच्छी से अच्छी सुविधाएं दी जाएं, ताकि उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेलने के लिए भी बेहतर माहौल मिल सके। खास बात यह है कि स्कूलों में कंप्यूटर लैब आदि की सुविधा भी दी जाएगी। निजी स्कूलों की तर्ज पर दिल्ली नगर निगम अपने स्कूलों में सुविधाएं बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। इसी के तहत नरेला में एजुकेशन हब भी बनाया जा रहा है। वहां पर कई स्कूलों के लिए भूमि का आवंटन भी किया जा चुका है।

# थिसिस में देरी पर एक हजार रुपये दंड

**निर्देश**



नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध मेडिकल कॉलेजों में एमडी, एमएस, एमसीएच और डीएम आदि की थिसिस जमा करने में देरी होने पर छात्रों को एक हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से शुल्क देना होगा। डीयू के परीक्षा विभाग की ओर से जारी इन दिशा निर्देशों का डॉक्टर संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया है।

इसके अलावा डीयू ने इन छात्रों के थिसिस जमा करने के शुल्क को पांच हजार से बढ़ाकर 15 हजार कर दिया है। हालांकि, विरोध के बाद दिल्ली विश्विद्यालय ने कहा कि देरी के लिए सही वजह बताने वालों पर कोई दंड नहीं लगाया जाएगा। डीयू के मुताबिक, अगर एमएस, एमडीएस, डीएम और एमसीएच के छात्रों को थिसिस जमा करने में देरी होती है तो उन्हें हर रोज एक हजार रुपये के हिसाब से दंड भरना होगा। यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज और जीटीबी अस्पताल की रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन ने इसका विरोध जताया है।

अस्पताल की आरडीए के अध्यक्ष डॉक्टर नीतीश कुमार ने कहा, गाइड छात्रों को दो हफ्ते बाद तक की तारीख दे देते हैं। ऐसे मामलों में छात्रों को मोटी रकम लेट फीस के रूप में देनी होगी। कई छात्र डीआरपी में काम के लिए गए थे। उनकी थिसिस पूरी नहीं हुई है। डॉक्टरों के संगठन फेडरेशन ऑफ रेजिडेंस डॉक्टर एसोसिएशन भी इसके विरोध में है।

**गाइड देरी कर रहे हैं तो छात्र सूचना दें :** डीयू के परीक्षा विभाग के ओएसडी प्रो. अजय अरोड़ा ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य समय पर परिणाम निकालना है। छात्र थिसिस जमा करने में देरी करते हैं और इससे परिणाम प्रभावित होते हैं। अगर उनके गाइड देरी कर रहे हैं तो उन्हें डीयू से संपर्क करना चाहिए और नियमों के साथ उनकी मदद की जाएगी।

# इंदिरा गांधी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

- नर्सों के तबादले के बाद परेशानी बढ़ी
- प्रतिदिन 15 से 20 ऑपरेशन होते हैं

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। द्वारका स्थित इंदिरा गांधी अस्पताल में काम करने वाले नर्स कर्मचारियों के तबादले के बाद से ऑपरेशन थियेटर सहित सभी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

अस्पताल में 19 ओटी की सुविधाएं हैं, लेकिन पांच ओटी में ही ऑपरेशन हो रहे थ लेकिन बीते दिनों प्रशासन के एक आदेश पर अस्पताल में सेवाएं दे रही 100 से अधिक नर्स का तबादला उनके मूल स्थान पर हो गया। ऐसे में नर्स के अभाव में ओटी प्रभावित हो गई है। अस्पताल में प्रति दिन 15 से 20 छोटे-बड़े ऑपरेशन होते हैं। अस्पताल में अनुबंध व अन्य माध्यम से 100 से अधिक नर्स सेवाएं दे रही थी। यह ऑपरेशन सेवाओं में भी मदद करती हैं। इनके तबादले के बाद से ऑपरेशन करना संभव नहीं हो पा रहा है। ऑपरेशन के बाद मरीज की देखभाल का काम भी इन्हीं के पास होता है। इसलिए दिक्कत बढ़ गई है।

**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के**
**एम.सी.ए. (MCA) पाठ्यक्रम हेतु**
**प्रवेश-परीक्षा : निमसेट-2024 (NIMCET-2024)**
**समन्वयक संस्थान : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर**

देश के 10 प्रतिभागी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (NIT/IIIT) में संचालित एम.सी.ए. पाठ्यक्रम में प्रवेश, "NIMCET" प्रवेश परीक्षा के माध्यम से लिया जाता है। सामान्यत: इन संस्थानों के इस पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट (स्थानन) बी. टेक. (सी.एस.ई./आई.टी.) के छात्रों के समकक्ष होता है। NIMCET-2024 के विस्तृत जानकारी, प्रवेश परीक्षा की अर्हता एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया आधिकारिक वेबसाइट https://www.nimcet.in या https://nimcet.admissions.nic.in पर देखें। अनुसूचित जाति/जनजाति/दिव्यांग के लिए आवेदन शुल्क रुपये 1250/- तथा सामान्य / अन्य पिछड़ा वर्ग / आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों के लिए रुपये 2500/- है। ऑनलाइन आवेदन दिनांक 6 मार्च 2024 से 20 अप्रैल 2024 तक उपरोक्त वेबसाईट पर भरे जा सकेंगें।

**प्रवेश-परीक्षा का दिनांक : 08 जून, 2024 (शनिवार)**

सचिव, निमसेट-2024







**नर्सरी दाखिला** | छात्र 15 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे, चयनित छात्रों की सूची 22 को चस्पा होगी, अभिभावकों की मदद के लिए हेल्प डेस्क बनाए गए

# सर्वोदय स्कूलों में आज से दाखिला प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। सरकारी सर्वोदय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए नर्सरी से पहली कक्षा में दाखिले की प्रक्रिया एक मार्च यानी शुक्रवार से शुरू होगी। इसको लेकर स्कूलों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

स्कूलों में अभिभावकों की मदद के लिए हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। फॉर्म भरने में शिक्षक और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सहयोग करेंगे। आवेदन फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख 15 मार्च है।

**प्रवेश द्वार पर फॉर्म मिलेंगे :** वेस्ट विनोद नगर स्थित राजकीय सर्वोदय बाल विद्यालय के प्रमुख डॉ. एल.के दुबे ने बताया कि प्रवेश द्वार पर दाखिले के लिए आवेदन फॉर्म उपलब्ध होगा। नर्सरी और केजी में 40-40 सीटें हैं।

**ड्रॉप बॉक्स में फॉर्म डालना होगा :** राजकीय विद्यालय प्रधानाचार्य संघ दिल्ली के महासचिव पीडी शर्मा ने बताया कि 442 सर्वोदय विद्यालयों में दाखिले होंगे। इसकी प्रक्रिया ऑफलाइन है। सभी विद्यालयों में हेल्प डेस्क की सुविधा अभिभावकों को मिलेगी। आवेदन फॉर्म को संबंधित दस्तावेज के साथ विद्यालय में लगे ड्रॉप बॉक्स में डालना होगा।




**ये दस्तावेज प्रवेश के लिए जरूरी**

- दिल्ली नगर निगम और स्थानीय निकाय द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र, आंगनवाड़ी रिकॉर्ड
- बच्चे का एक पासपोर्ट साइज का फोटो
- निवास प्रमाण पत्र के लिए कोई भी दस्तावेज (राशन कार्ड, अभिभावक वोटर कार्ड, बिजली बिल, पानी बिल, फोन बिल, अभिभावक या बच्चे के नाम पर बैंक पासबुक, आधार कार्ड)
- जाति प्रमाणपत्र, यदि लागू हो
- छह माह के अंदर बच्चे का टीकाकरण प्रमाण पत्र देना होगा

**चयनित उम्मीदवारों को 23 मार्च से दाखिला मिलेगा :** चयनित छात्रों की सूची विद्यालयों में नोटिस बोर्ड पर 22 मार्च को चस्पा होगी। चयनित उम्मीदवारों के दाखिले 23 मार्च से एक अप्रैल तक होंगे।

**घर पास होने पर प्राथमिकता मिलेगी :** विद्यालय के एक किलोमीटर के दायरे में रहने वाले बच्चे और स्कूल के तीन किलोमीटर के क्षेत्र में रहने वाले बच्चे जहां उनके घर के आसपास एक किलोमीटर के दायरे में कोई सरकारी सर्वोदय विद्यालय नहीं है, उन्हें दाखिले में प्राथमिकता दी जाएगी।



सत्यमेव जयते
भारत सरकार

## विकसित भारत, विकसित झारखण्ड
## मोदी सरकार की गारंटी

# झारखण्ड को ₹36 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

# हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड की सिंदरी यूरिया इकाई का

## राष्ट्र को समर्पण

### एवं अन्य योजनाएं

**राष्ट्र को समर्पण**

- नार्थ उरीमारी कोल् हैंडलिंग प्लांट, सी सी एल, रामगढ
- टोरी-शिवपुर तीसरी रेलवे लाइन
- रेट्रोफिटिंग प्रदूषण प्रणाली-फ्लू डीसल्फराइजेशन (एफजीडी) इकाई बी टी पी एस-ए
- एन टी पी सी नार्थ करणपुरा एस टी पी पी, चतरा, इकाई एक (660 MW)
- टोरी शिवपुर (फर्स्ट एवं सेकंड लाइन) और बिरटोली शिवपुर (थर्ड लाइन)
- मोहनपुर हंसडीहा रेल लाइन

**शिलान्यास**

- रेलवे लाइन डबलिंग, प्रधान खानटा जंक्शन-पथारडीहबाजार-भोजुडीह
- सिंदरी मार्शलिंग यार्ड रिमॉडलिंग
- रेलवे लाइन डबलिंग, जमुनिटांड़-चंद्रपुरा
- रेल ओवर रेल लाइन, पतरातू-टोकीसूद
- कुजू रांची रोड वाई कनेक्शन रेलवे लाइन
- धनबाद, चंद्रपुरा रेलवे लाइन
- सोननगर-अंडाल तीसरी और चौथी रेल लाइन

**ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी**

- देवघर-डिब्रूगढ़ ट्रेन
- शिवपुर स्टेशन से लंबी दूरी माल गाड़ी
- टाटानगर बदामपहाड़ डेली मेमू ट्रेन

# नरेन्द्र मोदी

## प्रधानमंत्री

के कर कमलों द्वारा

**शुक्रवार, 01 मार्च, 2024 | प्रातः 10:45 बजे | सिंदरी, धनबाद (झारखण्ड)**

- HURL के द्वारा तीन फ़र्टिलाइज़र प्लांट (गोरखपुर, बरौनी एवं सिंदरी) और FRCL के द्वारा रामागुंडम फ़र्टिलाइज़र प्लांट के पुनरुद्धार से वार्षिक यूरिया उत्पादन क्षमता 50.8 लाख टन बढ़ी है
- भारत सरकार ने किसानों के हित में यूरिया सब्सिडी बढ़ाकर अब 1 लाख 75 हज़ार करोड़ रुपये कर दी है जो की वर्ष 2014 की तुलना में लगभग ढाई गुना ज़्यादा है
- रेल इन्फ्रास्ट्रक्टर मजबूत करने से नागरिको को बेहतर रेल कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी एवं मालगाड़ियों की आवाजाही काफी आसान हो जाएगी जिससे झारखण्ड राज्य की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी
- नॉर्थ करणपुरा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट से ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बनी रहेगी और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की निरंतर बढ़ती हुई बिजली की मांगों को निर्बाध रूप से पूरा किया जा सकेगा
- FGD तकनीक हवा की गुणवत्ता में सुधार करने और एसिड वर्षा, धुंध और सल्फर प्रदूषकों के कारण होने वाली श्वसन संबंधी बीमारियों के हानिकारक प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है

## गरिमामयी उपस्थिति

**श्री सी. पी. राधाकृष्णन**
राज्यपाल, झारखण्ड

**श्री चम्पाई सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**डॉ. मनसुख मांडविया**
केंद्रीय मंत्री, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

**श्री अर्जुन मुंडा**
केंद्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
और जनजातीय कार्य मंत्रालय

**श्री पी. एन. सिंह**
सांसद

कृपया दूरदर्शन न्यूज़ पर सीधा प्रसारण देखें




# पंजाब की नई पर्यटन उड़ान

## चमरोड़ पत्तन में जैट सकी, मोटर पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून गतिविधियां शुरू करने से होगा इलाके का विकास

**इस क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने से यहाँ के लोगों के जीवन स्तर में बड़ा सुधार होगा।**

**पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य में पहला टूरिज्म सम्मेलन और ट्रैवल मार्ट भी हो चुका है**

**इस क्षेत्र में पर्यटन की अप्रयुक्त संभावनाओं को अब प्रयोग में लाया जायेगा जिससे कुदरती स्त्रोतों से लबरेज़ इस सुंदर स्थान की तरफ विश्व भर के सैलानियों को आकर्षित किया जा सके**



पंजाब का नाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकाने के लिए और राज्य की आर्थिकता को एक नई दिशा देने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान हर संभव कोशिश कर रहे हैं और राज्य को आर्थिक तरक्की की ओर लेकर जा रहे हैं। इसी के तहत मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने एक और बड़ी पहल की है। इस पहल का उद्देश्य राज्य को वैश्विक पर्यटन स्थान के तौर पर विकसित करना है। इस मिशन को पूरा करने के लिए शुरूआत पहले ही हो चुकी है। राज्य में उनकी अगुवाई में पहला टूरिज्म सम्मेलन और ट्रैवल मार्ट हो चुका है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की इस नई पहल के दो मुख्य बिन्दु हैं। एक तो राज्य को पर्यटन का केन्द्र बनाकर इसकी आर्थिकता को मजबूत करना है, दूसरा नौजवानों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। पर्यटन विकसित होने से जहां विकास होगा उसके साथ ही नौजवानों के लिए रोजगार के नए मौके पैदा होंगे और उनको अपनी रोजी-रोटी कमाने का अफसर मिलेगा। राज्य में पर्यटन क्षेत्र को और बढ़ावा देने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने हाल ही में चमरोड़ पत्तन में जैट सकी, मोटर पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून गतिविधियां शुरू करने का ऐलान किया।

इन गतिविधियों का ट्रायल देखने के बाद मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस सुंदर स्थान पर पानी वाली खेलें/ मनोरंजन और स्पीड बोटींग जैसी गतिविधियां पहले ही चल रही हैं। उन्होंने कहा कि इस जगह पर पहले ही दो स्पीड बोटें चल रही हैं, जो यहाँ आने वाले सैलानियों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र हैं। इस क्षेत्र में पर्यटन की बड़ी संभावना है, जिस कारण राज्य सरकार पहले ही यहाँ अलग-अलग संभावनाएं तलाश रही है। यहाँ जैट सकी, मोटर पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून का ट्रायल/ प्रदर्शन किया गया है और जल्दी ही इसकी औपचारिक शुरुआत की जायेगी। इस क्षेत्र में पानी वाली खेलें/ मनोरंजन गतिविधियों की बड़ी संभावना है और पंजाब सरकार ने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वाटर एडवेंचर स्पोर्टस नीति पहले ही नोटीफायी कर दी है। आने वाले दिनों में यह सभी गतिविधियों व्यापारिक तौर पर शुरू होंगी, जिससे पर्यटन क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा।

इस क्षेत्र को कुदरती स्त्रोतों की भरपूर देन होने के कारण यह विश्व भर के सैलानियों को आकर्षित कर सकता है। इस क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने से यहाँ के लोगों के जीवन स्तर में बड़ा सुधार होगा। इस क्षेत्र में पर्यटन की अप्रयुक्त संभावनाओं को अब प्रयोग में लाया जायेगा जिससे कुदरती स्त्रोतों से लबरेज़ इस सुंदर स्थान की तरफ विश्व भर के सैलानियों को आकर्षित किया जा सके।

### साल में 24 मेले किए जाएंगे आयोजित

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार पूरे प्रदेश में साल भर में 24 मेले आयोजित करने का फैसला किया है ताकि देश विदेश के पर्यटक पंजाब की कला एवं संस्कृति से जुड़ सकें। पंजाब के मेले और त्यौहारों के दम पर ही पंजाब रंगला दिख सकेगा। मुक्तसर साहिब का माघी मेला, फिरोजपुर का बसंत उत्सव, कपूरथला का हेरीटेज फेस्टिवल, लुधियाना का किला रायपुर ग्रामीणओलंपिक, बठिंडा का बैसाखी मेला, पटियाला का हैरीटेज फैस्टिवल, आनंदपुर साहिब का होला मोहल्ला, एस.बी.एस. नगर का इंकलाब फैस्टीवल, मानसा में दून फैस्टीवल जो मालवे के खाने पीने के व्यंजनों को प्रदर्शित करता है, जालंधर का घुड़सवारी उत्सव, चंडीगढ़ का मिलिट्री लिटरेरी फैस्टीवल, पठानकोट का नदियों से जुड़ा मेला (एडवैंचर स्पोटरस), मालेरकोटला का सूफी समारोह, अमृतसर का रंगला पंजाब उत्सव, फरीदकोट का बाबा शेख फरीद आगमन समारोह, नवांशहर का इंकलाब फैस्टीवल (स्वतंत्रता से जुड़े संघर्ष), गुरदासपुर का हरि सिंह नलवा जोश फैस्टीवल, तरनतारन का छज मेला, संगरूर में तीयां दा मेला, एस.ए.एस. नगर का टूरिज्म मार्ट समारोह, मानसा का टिब्बियां का मेला, फाजिल्का का हस्तशिल्प मेला और निहंग मेला जैसे त्यौहार और मेले लोगों को पंजाब की पुरानी रिवायतों के साथ जोड़ेंगे। संबंधित जिले के खास पकवान, पहनावे के बारे में जानने का लोगों को मौका भी मिलेगा।

## पंजाब सरकार ने वैटलैंड्ज़ के विकास के लिए उठाए महत्वपूर्ण कदम

**वैटलैंड्ज़ में इको टूरिज्म को सक्रियता से उत्साहित करने के लिए 5वां स्टेट बर्ड फेस्टिवल जल्द आयोजित होगा**



### पंजाब में 1381 वैटलैंड्ज़ की पहचान की गई

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के वैटलैंडज़ में इको टूरिज्म को उत्साहित करने के उद्देश्य से 5वां स्टेट बर्ड फेस्टिवल जल्द आयोजित करने जा रही है, इससे स्थानीय स्तर पर रोज़गार के मौके पैदा होंगे।

वातावरण संतुलन को कायम रखने के लिए वैटलैंडज़ के विकास को महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। इसी के तहत पंजाब सरकार ने विभाग के अधिकारियों को वन क्षेत्रों में माइनिंग पर सख़्ती से नकेल कसने के भी निर्देश भी दिए हैं।

जैविक विभिन्नता को उत्साहित करने के साथ-साथ वैटलैंडज़ को बचाने के लिए चलाई गई वैटलैंडज़ बचाओ मुहिम के हिस्से के तौर पर, पंजाब में 1381 वैटलैंडज़ की पहचान की गई है, जिनमें से 414 कुदरती और 967 मानव द्वारा बनाऐ गए हैं और हरेक वैटलैंड के अधीन 2.25 हेक्टेयर क्षेत्रफल आता है। इसके इलावा, तकरीबन 2300 वैटलैंड मित्र ( वालंटियर ) वैटलैंडज़ की संभाल के लिए काम कर रहे हैं और लोगों को वैटलैंडज़ को सुरक्षित रखने की ज़रूरत और उनके वातावरण महत्व के बारे अवगत करवाने के लिए जागरूकता प्रोग्राम भी करवाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, राज्य में वैटलैंडज़ की संभाल के लिए डब्ल्यू. डब्ल्यू. एफ. इंडिया, पंजाब रिमोट सेंसिंग सैंटर पी. ए. यू. लुधियाना, गुरू नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर, गुरू अंगद देव यूनिवर्सिटी आफ वैटरनरी एंड एनिमल सायंसज़ ( लुधियाना ) और पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ( पीपीसीबी ) के साथ सहयोग किया गया है।

### पंजाब के 7 वैटलैंड्ज़ को जोन आफ इनूफैऐंस के क्षेत्र के तौर पर घोषित किया

**कोई भी गतिविधि विभाग की मर्जी के बगैर नहीं होगी**

केंद्रीय वातावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पंजाब के 7 वैटलैंडज़ रणजीत सागर डैम कंजरवेशन रिज़र्व, ब्यास रिवर कंजरवेशन रिज़र्व, कांजली वैटलैंड, हरीके वैटलैंड, रोपड़ वैटलैंड कंजरवेशन रिज़र्व, नंगल वैटलैंड और केशोपुर-मियानी वैटलैंड के आसपास 100 मीटर के क्षेत्र को जोन आफ इनूफैऐंस के क्षेत्र के तौर पर घोषित करने के विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृत कर लिया है। इसका मतलब है कि इन क्षेत्रों में कोई भी गतिविधि राज्य के वन विभाग की अनुमति के बाद ही की जा सकेगी। केशोपुर छम्ब में 5वें स्टेट बर्ड फेस्टिवल करवाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी।

## गांवों में निकलेगी खुशहाली की राह

# होम व फार्म स्टे टूरिज्म

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार पर्यटन के हर क्षेत्र को विकसित करने के लिए प्रतिबध है। पंजाब सरकार पर्यटन क्षेत्र के सर्वांगीण और टिकाऊ विकास, रोजगार सृजन और इसकी आर्थिक खुशहाली के नए रास्ते खोल रही है। अनछुए क्षेत्रों को विकसित करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। ऐसा ही एक क्षेत्र है होम और फार्म स्टे। पंजाबियों की मेहमानबाजी दुनिया में मशहूर है। ऐसे में पंजाब में होम और फार्म स्टे की अथाह संभावनाएं हैं। मान सरकार ने अब इन संभावनाओं को तलाशने के लिए ऐतिहासिक प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का कहना है कि पंजाबी 'ग्लोबल सिटिजन' हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से विश्व भर में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। पंजाब की समृद्ध कृषि विरासत, कुदरती सुंदरता और खेती पर्यटन प्रेमियों के लिए एक पसंदीदा बन सकता है। पंजाबियत की असली भावना पंजाब के गांवों में झलकती है और यह जरूरी है कि पंजाब के ग्रामीण पर्यटन को दुनिया के सामने प्रदर्शित किया जाए।

फार्म टूरिज्म महिलाओं के लिए रोजगार का बढ़िया अवसरः पंजाब में पहली बार आयोजित टूरिज्म समिट व ट्रैवल मार्ट-2023 में कई विशेषज्ञों ने मान सरकार के सामने इको टूरिज्म को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पंजाब गांवों में बसता है। ऐसे में अगर फार्म टूरिज्म को प्रोत्साहन मिलता है तो यह महिलाओं के लिए भी रोजगार का बेहतर अवसर बन सकता है। पंजाब के पास समृद्ध खेती विरासत है जिस तक पहुंचने



### पठानकोट में मिनी गोआ, होशियारपुर में थाना डैम भी बना पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र

पठानकोट जिले में मिनी गोआ, होशियारपुर में थाना डैम पर जंगल लोज़िज भी वन विभाग की तरफ से बनाऐ गए हैं, जिनको सैलानियों की तरफ से काफ़ी पसंद किया जा रहा है। इस नये प्रेजैकट के साथ लोगों को रोज़गार मिलेगा और स्थानीय लोगों की आमदन में विस्तार होगा। इसके इलावा जल्द ही चौहाल से तक्खनी वाइल्ड लाईफ़ सेंचुरी में जंगल सफारी शुरू की जायेगी।

# चौहाल इको टूरिज़्म नेचर के दीवानों की पहली पसंद

## सैलानियों के घूमने के लिए जीप सफारी, नेचर ट्रेल की सुविधा भी उपलब्ध

मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पंजाब को इको टूरिज्म के गढ़ के तौर पर विकसित करने हेतु पूरी तरह वचनबद्ध है। इसी के हिस्से के तौर पर ज़िला होशियारपुर में चौहाल इको टूरिज्म प्रोजैकट ( नेचर रटरीट चौहाल ) बनाया गया है। इस प्रोजैकट का मुख्य उद्देश्य लोगों को वन और वन्य जीव संबंधी अवगत करवाना और पंजाब में इको टूरिज्म को बढ़ावा देना है। इस प्रोजैकट में लोगों के रहने के लिए हट्टस बनाऐ गए हैं, जिस पर तकरीबन 60 लाख रुपए का खर्चा आया है। यहाँ लोग अपने परिवार समेत रह सकते हैं। इस प्रोजैकट की ख़ासियत है कि यह प्रोजैकट लोकल कम्यूनटी द्वारा चलाया जा रहा है, जिसके लाभ का 50 प्रतिशत हिस्सा गाँव के विकास के लिए ख़र्च किया जायेगा।

प्रोजैकट में सैलानियों के लिए खाने पीने के लिए कैंटीन का प्रबंध भी है और सैलानियों के घूमने के लिए जीप सफारी, नेचर ट्रेल की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे सैलानी कुदरत का नज़ारा और वन्य जीव जैसे कि मोर, सांबर, हिरण, चिड़ियां, तेंदुआ आदि को देख सकते हैं।

प्रकृति प्रेमी विभाग द्वारा निर्मित झोपड़ियों में रह सकते हैं, आसपास के प्राकृतिक वातावरण और चोहाल जलाशय की सुंदरता में डूब सकते हैं और स्थानीय संस्कृति और व्यंजनों का अनुभव कर सकते हैं। इन आकर्षणों के अलावा, वन विभाग ने ट्रैकिंग और ऑफ-रोडिंग के शौकीनों के लिए कई ट्रैक की पहचान की है। एक नेचर प्रेमी परमजीत सिंह गिल ने इसे पंजाब के लोगों के लिए अपने राज्य के प्राकृतिक आश्चर्यों का आनंद लेने का एक शानदार अवसर बताया।





**होशियारपुर में प्राकृतिक जंगलों का एक बड़ा क्षेत्र है जहाँ आप तेंदुए, सांभर हिरण, नीलगाय, हॉग डियर और मोर जैसे पक्षियों व जंगली जानवरों को देख सकते हैं**

### नेचर प्रेमी परमजीत सिंह गिल ने कहा

**"परिवार के साथ ट्रैकिंग पर जाना एक मूल्यवान अनुभव प्रदान करता है, उन बच्चों में स्वस्थ, स्पोर्टी आदतें पैदा करता है जो तेजी से सोशल मीडिया और आभासी दुनिया में डूबे हुए हैं। भावी पीढ़ियों के लिए**

# बागियों पर कार्रवाई

हिमाचल प्रदेश में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया द्वारा दलबदल कानून के तहत सत्तारूढ़ कांग्रेस के छह बागी विधायकों की सदस्यता रद्द किए जाने के फैसले ने इस कानून की प्रासंगिकता को एक बार फिर रेखांकित किया है। गौरतलब है, ये विधायक पार्टी व्हिप के खिलाफ वोट करने के दोषी करार पाए गए थे। स्पीकर के इस फैसले से राज्य सरकार की स्थिरता पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ने जा रहा, शायद इसीलिए, कांग्रेस ने इतना सख्त फैसला भी किया है। दरअसल, बहुमत में रहते हुए राज्यसभा चुनाव में मिली शर्मनाक पराजय से पार्टी की भारी किरकिरी तो हुई ही, राज्य की सुक्खू सरकार का भविष्य भी संकट में दिखने लगा था, क्योंकि सरकार के एक मंत्री विक्रमादित्य सिंह का असंतोष भी सामने आ गया था। ऐसे में, लाजिम ही पार्टी की पहली प्राथमिकता सरकार की स्थिरता सुनिश्चित करने की थी। डीके शिवकुमार और भूपेंद्र हुडा जैसे अनुभवी नेताओं को उतारने से ही साफ हो गया था कि शिमला में हालात ठीक नहीं हैं। ऐसे में, सियासी जुगत से एक तरफ बजट पारित कराकर सरकार के लिए कुछ वक्त जुटाया गया, तो नाराज वीरभद्र परिवार का भी मान-मनुहार किया गया। उसके बाद बागियों के खिलाफ कार्रवाई की रणनीति अपनाई गई।

वैसे तो आम चुनाव के आस-पास विधायकों, सांसदों और नेताओं के पाला बदलने की एक पुरानी परंपरा रही है। मगर संसदीय लोकतंत्र में विधायी पदों पर बैठे लोगों को यह छूट कतई नहीं मिलनी चाहिए कि वे अपने राजनीतिक हितों या दूसरे स्वार्थों को साधने के लिए जनादेश से खिलवाड़ करें। ये विधायक जिस पार्टी के चुनाव-चिह्न पर विधानसभा पहुंचे थे, उसके साथ विश्वासघात करने से पहले इन्होंने क्या अपने मतदाताओं को भरोसे में लिया था? यह सिर्फ पार्टी ही नहीं, मतदाताओं के साथ भी धोखा है। दुनिया में कोई भी लोकतंत्र या राजनीतिक दल अनुशासन के बगैर कामयाब नहीं हो सकता। इसलिए, कांग्रेस की सख्ती समझी जा सकती है। पार्टी ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव से भी पाला बदलने वाले अपने दो विधायकों की सदस्यता रद्द करने की मांग करने में जो तत्परता दिखाई है, वह भी एक संकेत है कि अनुशासनहीनता को लेकर अब वह अधिक गंभीर है।

**विधायी पदों पर बैठे लोगों को यह छूट कतई नहीं मिलनी चाहिए कि वे अपने राजनीतिक हितों या निहित स्वार्थ के लिए जनादेश से खिलवाड़ करें।**

हिमाचल के बागियों के आचरण को एक तरफ रख दें, तो प्रदेश की पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने जो बातें कही हैं, वे कांग्रेस नेतृत्व की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती हैं। बकौल प्रतिभा, आलाकमान तक पार्टी विधायकों ने महीनों पहले अपनी कुछ शिकायतें रखीं थीं, मगर उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। यह दौर जैसी आक्रामक राजनीति का है, इसमें कोई भी प्रांतीय व केंद्रीय नेतृत्व अपने प्रतिनिधियों की शिकायतों को नजरंदाज करके जोखिम ही उठाएगा। मगर इतनी चुनावी पराजयों के बाद भी यदि कांग्रेस नेतृत्व अब तक ऐसा तंत्र विकसित नहीं कर पाया है, जहां से विधायक और वरिष्ठ नेता संतोषजनक समाधान पा सकें, तो हिमाचल जैसे संकट कब तक टल सकेंगे? इसमें कोई दोराय नहीं कि इन दिनों हमारे राजनीतिक वर्ग में अवसरवादिता जिस चरम पर है, उसमें किसी भी प्रदेश में प्रतिपक्षी दलों के लिए अपने किले को बचाकर रखना खासी चुनौतीपूर्ण हो चला है। मगर इसी में परिमार्जन के भी बिंदु हैं। पार्टियां फौरी चुनावी लाभ के लिए प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करके दूसरे दलों के लोगों को जिस तरह नवाजने लगी हैं, उसमें कुछ विधायक या सांसद लालच के शिकार बन रहे हैं, तो विलाप करने के बजाय दलों को आत्मचिंतन करना चाहिए।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 1 मार्च, 1949

## बर्मा की पुकार

यद्यपि बर्मा पूर्णतया स्वतंत्र देश है, किन्तु राष्ट्रसमूह के देशों के साथ उसने घनिष्ठ संबंध बनाये रखे हैं। स्वतंत्र होने के बाद बर्मा को असाधारण कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ रहा है। करेन लोगों के विद्रोह ने बर्मा की सरकार के लिए बड़ी विषम स्थिति पैदा कर दी है। बर्मा के कम्यूनिस्टों ने करेनों के साथ गठबन्धन कर लिया है और केवल उत्तरी और मध्य बर्मा में ही नहीं, बल्कि बर्मा की राजधानी से दस-पन्द्रह मील की दूरी पर भी विद्रोह की आग भड़क उठी है। सरकारी फौजों को बर्मा के अनेक भागों में विद्रोहियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इस विद्रोह से बर्मा की कितनी हानि हो रही है, इसका कुछ अन्दाज बर्मा के प्रधानमंत्री थाकिन नू के एक ताजा भाषण से मिलता है। उन्होंने बताया कि इस विद्रोह में ३० हजार व्यक्ति मारे जा चुके हैं और सरकार की आमदनी में २५ करोड़ रुपये की हानि हो चुकी है। जिस देश में इतनी भीषण अराजकता फैली हो, उसकी अन्तर्राष्ट्रीय साख को स्वभावतः धक्का लगे बिना नहीं रह सकता। बर्मा के प्रधानमंत्री के यह शब्द वास्तविकता को प्रकट करने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'अराजकता और आतंकवाद ने दुनिया की निगाह में हमको पूरी तरह गिरा दिया है और उसका हमारे अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों पर असर पड़ा है। सारी दुनिया समझती है, हमारे दिन इने-गिने रह गये हैं। बर्मा बिल्कुल रंक हो गया है और वह मौजूदा हालत के कारण विदेशों से कर्ज प्राप्त नहीं कर सकता।'

बर्मा के लिए किसी कवि की यह उक्ति बिल्कुल ठीक चरितार्थ होती है कि 'इस घर को आग लग गई घर के चिराग से।' आन्तरिक कलह और अशान्ति ने बर्मा की स्वाधीनता को एक मखौल बना दिया है। बर्मा की सरकार ने इस विषम स्थिति का सामना करने के लिए राष्ट्रसमूह के पूर्वी देशों से कर्ज की याचना की बताते हैं। राष्ट्रसमूह के इन देशों के प्रतिनिधि बर्मा की स्थिति पर अनियमित रूप से विचार करने के लिए भारत की राजधानी में एकत्र हुए हैं। पड़ोसी देश होने के नाते इन देशों की बर्मा के भीतर होने वाली घटनाओं के बारे में काफी दिलचस्पी है; कारण उन घटनाओं का प्रभाव खुद उन पर भी पड़े बिना नहीं रह सकता। बर्मा की वर्तमान स्थिति और उसके भविष्य के बारे में पड़ोसी देशों में चिन्ता स्वाभाविक है।

# अब भी अमन की राह देखता मणिपुर



यहां स्कैन करें

चंदन कुमार शर्मा | प्रोफेसर, तेजपुर विवि, असम

**चिंताजनक है कि शांति-बहाली के तमाम प्रयासों के बावजूद हिंसा रह-रहकर भड़क उठती है। लग रहा है कि हम एक ऐसी अंधेरी सुरंग से गुजर रहे हैं, जिसका दूर-दूर तक कोई सिरा नहीं।**




मणिपुर में पिछले साल मई से हिंसा का जो नया दौर शुरू हुआ, वह दस महीने के बाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा। अब तक करीब 200 लोग इस हिंसा में जान गंवा चुके हैं और हजारों पलायन करने को मजबूर हुए हैं। चिंता की बात है कि हिंसा के जल्द खत्म होने के संकेत भी नहीं मिल रहे। लग रहा है, हम किसी ऐसी अंधेरी सुरंग से गुजर रहे हैं, जिसका दूर-दूर तक सिरा नहीं है।

तीन दिन पहले (27 फरवरी) एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का एस्कॉर्ट के साथ किया गया अपहरण इसका ज्वलंत प्रमाण है। इंफाल पश्चिम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम अमित सिंह को उनके ही घर से 200 से अधिक बंदूकधारियों ने अगवा कर लिया था। इस दौरान वहां तोड़फोड़ भी की गई और गोलियां भी चलाई गईं। हालांकि, त्वरित जवाबी कार्रवाई से उनको छुड़ा लिया गया, लेकिन यह घटना चौंकाने वाली है। पुलिस के बयान में यह नहीं बताया गया है कि अपहरण के पीछे कौन लोग हैं? मगर उंगली कट्टरपंथी जमात अरामबाई तेंगगोल की तरफ उठी है, जो मैतेई समर्थक गुट है। पुलिसिया बयान में यह भी साफ नहीं है कि यह अपहरण आखिर क्यों किया गया था? हां, यह जरूर बताया गया है कि खुलेआम हथियार लहराने और गाड़ियों की चोरी करने के आरोप में इसी संगठन के कुछ सदस्यों को उस दिन पकड़ा गया था, जिसके प्रतिशोध में यह की गई होगी। इस घटना के अगले दिन 28 फरवरी को मणिपुर पुलिस कमांडो ने अपहरण और सशस्त्र गुटों के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति नहीं मिलने से नाराज होकर अपना विरोध भी जताया और अपने हथियार नीचे रख दिए।

मणिपुर में हिंसा की शुरुआत तब हुई थी, जब मणिपुर उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में राज्य सरकार को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने पर विचार करने को कहा था। इसका राज्य के आदिवासी समूहों ने विरोध किया। यहां की आबादी में करीब 53 फीसदी हिस्सा मैतेई लोगों का है और ये मूलतः इंफाल घाटी में रहते हैं, जबकि लगभग 40 फीसदी हिस्सेदारी नगा, कुकी जैसे आदिवासी समुदायों की है, जो मुख्यतः पहाड़ी जिलों में बसे हुए हैं।

मौजूदा घटनाक्रम में यह जानना भी जरूरी है कि अरामबाई तेंगगोल संगठन को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। इस संगठन के कार्यकर्ता आमतौर पर पुराने मणिपुर के गौरव को बहाल करने के नारे लगाते हुए सड़कों पर या बाजारों में देखे जाते हैं। राज्य में चल रहे संकट के बीच इस साल 24 जनवरी को इस संगठन द्वारा बुलाई गई बैठक में मुख्यमंत्री सहित 37 विधायकों और दो सांसदों ने भाग भी लिया था, जिसमें एक छह सूत्री मांग-पत्र पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिसमें राज्य की अखंडता को बचाने व मैतेई की सुरक्षा की बात कही गई थी। बैठक में यह मांग-पत्र केंद्र को भेजने पर भी सहमति बनी थी। मीडिया में तो बैठक के लिए आए तेंगगोल नेता कोरौंगनबा खुमान का स्वागत करने वाली मैतेई महिलाओं की तस्वीरें भी छपीं। इन महिलाओं के गुट मीरा पैबी ने तेंगगोल सदस्यों को हिरासत में लिए जाने के विरोध में पुलिस अधिकारी के अपहरण से ऐन पहले सड़क जाम भी किया था।

मैतेई के साथ दो-दो हाथ करने वाले कुकी-जो समुदाय ने भी हालिया घटना के लिए अरामबाई तेंगगोल को जिम्मेदार ठहराया है। वह राज्य में ताजा संघर्ष के दौरान हिंसा होने और कुकी-जो समुदाय पर हुए हमले के लिए भी इस संगठन को निशाने पर लेता रहा है।


इस बीच, 1,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने के केंद्र सरकार के फैसले का भी पूर्वोत्तर में असर देखने को मिल रहा है। गौरतलब है कि अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर और मिजोरम की सीमा म्यांमार से मिलती है, और नगा व कुकी-जो समुदाय के लोग बड़ी संख्या में सीमा के दोनों तरफ बसते हैं। यही कारण है कि अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर की सरकारों ने जहां बाड़ेबंदी के फैसले का स्वागत किया है, तो नगालैंड और मिजोरम इसके विरोध में खड़े हो गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विगत 8 फरवरी को यह एलान किया था कि केंद्र सरकार ने आंतरिक सुरक्षा व पूर्वोत्तर में जनसांख्यिकीय संरचना के खतरे को देखते हुए भारत-म्यांमार निर्बाध आवागमन व्यवस्था को खत्म करने का फैसला किया है। फिलहाल जो व्यवस्था कायम है, वह 2018 की देन है, जिसके तहत नगा, कुकी और जो जैसे आदिवासी समुदायों के लोग 16 किलोमीटर की सीमा-रेखा में निर्बाध आ-जा सकते हैं।

देखा जाए, तो मणिपुर की मौजूदा स्थिति को देखते हुए भी यह व्यवस्था खत्म की जा रही है। 24 जनवरी को तेंगगोल की बैठक में पारित छह सूत्री मांगों में एक यह भी थी। मैतेई संगठनों का आरोप है कि म्यांमार से मणिपुर तक कुकी शरणार्थियों की बड़े पैमाने पर हुई घुसपैठ से न सिर्फ राज्य की जमीन पर दबाव पड़ा है, बल्कि जनसांख्यिकीय संरचना बदलने का खतरा भी खासा बढ़ गया है। उन्होंने इन शरणार्थियों पर नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी करने का आरोप भी लगाया है। दूसरी ओर, नगालैंड, मणिपुर और मिजोरम के आदिवासी सीमा बंद करने के फैसले का कड़ा विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इसका व्यापक असर पड़ेगा। मिजोरम विधानसभा पहले ही इस प्रस्ताव के खिलाफ एक अन्य प्रस्ताव पारित कर चुकी है। इसी वजह से निर्बाध आवागमन व्यवस्था खत्म करने संबंधी केंद्र सरकार के फैसले से अस्थिरता के एक नए दौर की शुरुआत का अंदेशा जताया जा रहा है। जाहिर है, इस मसले का हमें स्थायी समाधान ढूंढ़ना होगा। जानकारों ने पहले कुछ समाधान सुझाए हैं, जिन पर विचार करना उचित होगा।

27 फरवरी को एक अन्य उल्लेखनीय घटना हुई है। मणिपुर उच्च न्यायालय ने 27 मार्च, 2023 के अपने उस फैसले में संशोधन किया है, जिसमें राज्य सरकार से मैतेई को एसटी दर्जा देने पर विचार करने को कहा गया था। उस फैसले से जुड़े पैराग्राफ को नए आदेश में हटा दिया गया है। मणिपुर के लोग इस पर क्या प्रतिक्रिया देंगे, फिलहाल यह तो स्पष्ट नहीं है, लेकिन यहां की जटिल स्थिति को देखकर यही कहा जा सकता है कि हालात को संभालने के लिए यह देर से उठाया गया कदम है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# गगनयान दिखाएगा चांद पर भारतीयों के उतरने का रास्ता



यहां स्कैन करें

निरंकार सिंह | पूर्व स. संपादक, हिंदी विश्वकोश

लगभग 50 साल पहले अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ में चांद पर जाने की रेस शुरू हुई थी। अमेरिका पहला देश है, जो चांद पर इंसान को भेजने में सफल रहा। सोवियत संघ ने भी अपना लैंडर चांद पर उतरा। भारत इस क्षेत्र का अपेक्षाकृत नया खिलाड़ी है। चंद्रयान-तीन मिशन के जरिये वह अपनी ताकत पूरी दुनिया को दिखा चुका है। अब वह गगनयान के जरिये अपने चार अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में भेजेगा। उसका लक्ष्य अंतरिक्ष में एक स्टेशन बनाने का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र का दौरा किया और मिशन गगनयान की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने मिशन पर जाने वाले चार यात्रियों को भी सम्मानित किया।

इस समीक्षा बैठक में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लिए एक दूरदर्शी रोडमैप तैयार किया गया। इसके लक्ष्यों में से एक है, भारत-निर्मित, स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना करना, जिसको भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के रूप में जाना जाएगा। यह भारत के अंतरिक्ष बुनियादी ढांचे में एक 'एसेट' के रूप में कार्य करेगा। इस महत्वपूर्ण प्रयास के साल 2035 तक साकार होने की उम्मीद है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन, जिसे वर्तमान में अमेरिका, रूस, कनाडा, जापान और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा प्रबंधित किया जाता है, बंद हो जाएगा।

**पांच दशक बाद अब भारत ने भी अपना लक्ष्य चांद को बना लिया है। चांद पर लैंडर उतारकर हमने वह कर दिखाया, जो अब तक कोई न कर सका था।**

गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है, जिसके तहत चार यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। इस मिशन को इस साल के आखिर या 2025 की शुरुआत में भेजा जा सकता है। इन चार यात्रियों में पहले हैं एस्ट्रोनॉट प्रशांत बालाकृष्णन नायर। प्रशांत केरल के केपलक्कड़ के नेनमारा के रहने वाले हैं। उनको रूस में मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए ट्रेनिंग दी गई है। दूसरे एस्ट्रोनॉट अजित कृष्णन वायुसेना के टेस्ट पायलट हैं। वह भी प्रशांत बालाकृष्णन की तरह ही एयरफोर्स में ग्रुप कैप्टन हैं। अजित कृष्णन का जन्म चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। तीसरे अंगद प्रताप भी वायुसेना में फाइटर और टेस्ट पायलट हैं। वह भी ग्रुप कैप्टन के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अंगद प्रताप का जन्म प्रयागराज में हुआ था। चौथे एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला वायुसेना में विंग कमांडर हैं। लखनऊ में जन्मे शुभांशु की मिलिट्री ट्रेनिंग एनडीए में हुई है। गगनयान मिशन के लिए न जाने कितने पायलटों का टेस्ट हुआ, जिनमें से इन चारों को चुना गया।

भारत और तब के सोवियन संघ के संयुक्त अंतरिक्ष अभियान में राकेश शर्मा आठ दिनों तक अंतरिक्ष में रहे थे। अंतरिक्ष में जाने वाले वह पहले भारतीय और विश्व के 138वें व्यक्ति थे। भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला 19 नवंबर, 1997 को छह अंतरिक्ष यात्रियों के एक दल का हिस्सा थीं। अंतरिक्ष शटल कोलंबिया की उड़ान से अंतरिक्ष की यात्रा करके कल्पना ने अपने नाम का डंका बजाया। कल्पना चावला ने इस मिशन में कुल 65 लाख मील का सफर तय किया। इस दौरान उन्होंने पृथ्वी की 252 परिक्रमाएं कीं। लेकिन अपने दूसरे अभियान में 1 फरवरी, 2003 को पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश करने के बाद उनका अंतरिक्ष यान भीषण दुर्घटना का शिकार हो गया और कल्पना के साथ दल के सातों सदस्य धरती पर पहुंचने से पहले ही अवशेष में बदल गए।

बहरहाल, पांच दशक बाद अब भारत ने भी अपना लक्ष्य चांद को बना लिया है। 23 अगस्त को चांद पर लैंडर उतारकर हमने वह कर दिखाया, जो आज तक कोई न कर सका था। मगर क्या कभी भारत भी चांद पर इंसानों को पहुंचा सकेगा? इसका जवाब अहमदाबाद में स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के निदेशक नीलेश देसाई ने दिया। उन्होंने कहा कि चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने में कम से कम दो-तीन दशक लग सकते हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका और रूस पहले ही ऐसा कर चुके हैं, पर हमें कुछ समय लगेगा, क्योंकि हमें सिर्फ आदमी को भेजना ही नहीं है, उसे जिंदा वापस भी लाने की जरूरत है। हमें टेक्नोलॉजी बढ़ाने की जरूरत है। हमारे पास अच्छी, परखी हुई तकनीक हुई, तो यह कदम उठाएंगे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# दुष्टता का विनाश जरूरी

पहले हमें यह देखना चाहिए कि जीवन और संसार हैं क्या; उसके बाद हम उस रास्ते को ढूंढ़ने में लग सकते हैं, जिससे उनको उस रूप में परिवर्तित किया जा सके, जैसा उन्हें होना चाहिए।... युद्ध और विनाश हमारे जीवन के न केवल सार्वभौम सिद्धांत हैं, बल्कि हमारे मानसिक व नैतिक अस्तित्व के भी। यह स्पष्ट है कि अपने बौद्धिक, सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक जीवन में संघर्ष के बिना हम कोई कदम आगे नहीं बढ़ा सकते। जैसे लोग और वस्तुएं हैं, उन्हें देखते हुए आगे बढ़ना, उन्नति करना व आपूर्ति करना और साथ ही किसी को हानि न पहुंचाने के उस सिद्धांत का पूरी तरह अनुपालन करना, जिसे उच्चतम आचार के रूप में हमारे सामने अभी भी रखा जाता है, असंभव है। हम केवल आत्मबल का प्रयोग करेंगे और युद्ध या हिंसा का कभी विनाश नहीं करेंगे? जब तक आत्मबल प्रभावी होता है, मनुष्यों और राष्ट्रों की आसुरी शक्ति रौंदती है, तोड़ती है, हत्या करती है, जलाती है, प्रदूषित करती है, जैसा हम आज उसे करते हुए देखते हैं, पर शायद हमने दखल न देकर जीत का उतना ही विनाश करा दिया है, जितना दूसरे ने हिंसा का सहारा लेकर।

दुष्टता का विनाश बहुत कुछ उसका विनाश किए बगैर नहीं हो सकता, जो दुष्टता से पलता है।... संघर्ष और विनाश के नियम की दुनिया से मरकर बाहर निकलने के लिए इतना ही काफी नहीं है कि हमारी आत्मा बेदाग बनी रहे; वह जो उसकी जड़ है, उसे पहले मानवता से बाहर हटना चाहिए। अक्रियता और तमस उसकी अपेक्षा कहीं अधिक हानि पहुंचाते हैं, जितना नुकसान संघर्ष का राजसी सिद्धांत पहुंचाता है। वह जितना नष्ट करता है, उससे अधिक निर्मित कर देता है। इसलिए जहां तक व्यक्ति के कर्म की समस्या का संबंध है, संघर्ष से अलग रहना और उसका अपरिहार्य सहवर्ती विनाश उसके अपने नैतिक अस्तित्व में सहायक हो सकते हैं, पर उससे प्राणियों का हत्यारा खत्म न होगा।

दुनिया में ऐसे बहुत थोड़े धर्म हैं, जिनमें कहने का साहस रहा है, जैसा भारतीय धर्म में है कि यह रहस्यमयी विश्व-शक्ति एक देवी है, एक त्रिमूर्ति है, जो न केवल दुर्गा के कल्याणकारी स्वरूप में, बल्कि अपनी रक्तरंजित प्रलयनृत्य की मुद्रा में विकराल काली के स्वरूप में भी विश्व में क्रियाशील शक्ति की प्रतिमूर्ति को ऊपर उभारती है और कहती है, 'यह भी मां है; इसे भी ईश्वर जान; यदि तुझमें शक्ति है, तो इसकी भी पूजा कर।' यह महत्व की बात है कि इस धर्म ने, जिसमें ऐसी अडिग ईमानदारी व अत्यधिक साहस रहा है; ऐसी विशाल आध्यात्मिकता सृजित करने में सफलता प्राप्त की है, जिसकी बराबरी और कोई नहीं कर सकता। क्योंकि सत्य ही वास्तविक आध्यात्मिकता की नींव है और साहस उसकी आत्मा है।

**अक्रियता और तमस उसकी अपेक्षा कहीं अधिक हानि पहुंचाते हैं, जितना नुकसान संघर्ष का राजसी सिद्धांत पहुंचाता है। वह जितना नष्ट करता है, उससे अधिक निर्मित कर देता है।**

श्री अरविंद

शेखर कपूर | फिल्म निर्देशक



**क्या 'आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस' इंसानी बुद्धि से आगे निकल जाएगी? हजार वर्षों से भी अधिक समय में हम अभी तक यह पता नहीं लगा पाए हैं कि मानव बुद्धि है क्या, तो यह दलील ही बेमानी है!**

# तंत्र के कारण खड़ी हुई यह समस्या

हाल ही में दक्षिणी दिल्ली के देवली खानपुर इलाके में एक आवारा पशु के हमले में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। उस समय वह अपने बेटे को स्कूल छोड़ने के लिए खड़े थे। कल्पना कीजिए उस अबोध बालक की मनोदशा का, जिसने अपने पिता की किसी आवारा पशु द्वारा यूं खौफनाक मौत देखी। ऐसी घटना से बालमन पर कितना बुरा असर पड़ता है, यह एक मनोवैज्ञानिक ही बता सकता है। यहां सवाल यह भी है कि अब उस व्यक्ति का परिवार पहाड़ जैसी इस आपदा का सामना कैसे करेगा और कैसे गुजर-बसर करेगा? हालांकि, आवारा पशुओं के हमले की यह न तो कोई पहली घटना है, और न शायद आखिरी होगी। जितनी बड़ी संख्या में ये पशु अब सड़कों पर दिखने लगे हैं, उससे हर वक्त दुर्घटना का भय सताने लगा है। ऐसा नहीं है कि इनको कोई चिढ़ाता है, तभी ये आक्रामक बनते हैं। कई बार, तो ये अचानक हमला कर देते हैं और आपको संभलने का कोई मौका नहीं देते। यहां तक कि छोटे-छोटे बच्चे भी इनके हमले के शिकार बन चुके हैं। सवाल है कि आखिर कैसे इस समस्या का समाधान निकाला जाए?

स्थानीय प्रशासन और तंत्र को यह समझना होगा कि किस तरह से ये आवारा पशु लोगों के सामने जान-माल का खतरा पैदा करते हैं। किसी घटना पर ज्यादा शोर होने पर मुआवजे का एलान जरूर कर दिया जाता है, लेकिन पैसा कभी किसी जान का विकल्प नहीं हो सकता। अब तो लगता है कि अदालत को ही सक्रियता दिखानी होगी और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कुछ सख्त आदेश देने होंगे। इसमें दोराय नहीं, आवारा पशुओं का प्रबंधन नहीं हो रहा है। यदि उनकी निगरानी हो और उनके लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाए, तो क्यों वे सड़कों पर यूं आवारा घूमेंगे कि किसी निर्दोष की जान पर बन आए?

हमने पूर्व में देखा है कि इनका किस कदर खेतों में आतंक रहा करता था। किसान का बैंक उनके खेत होते हैं। वहां उगने वाली फसलों से उनका जीवन-यापन चलता है। उसी से वह अपना पेट पालते हैं। मगर आवारा पशु उनकी फसलों को रौंदकर तहस-नहस कर देते थे। उन्होंने जब अपनी समस्या के समाधान के लिए आवाज उठाई, तो उस पर शायद ही ध्यान दिया गया। इसका नतीजा यह निकला है कि ये पशु खेतों से निकलकर अब शहरों में आ गए हैं और शहरी जीवन को प्रभावित करने लगे हैं। अगर अब भी हमारा तंत्र नहीं संभला, तो ये आवारा पशु हमारे सामने एक ऐसी समस्या खड़ी कर देंगे, जिसका समाधान शायद ही निकल सकेगा।

वीरेंद्र कुमार जाटव, टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम
### आवारा पशु



# उनके यूं भटकने के लिए हम ही दोषी

वैसे 'आवारा' एक बदनाम सा शब्द है। चिपक जाता है किसी पर तो मुश्किल से छूटता है। मगर अनेक बार यह बहुत बुरा शब्द भी नहीं समझा गया है। राज कपूर की एक फिल्म थी, *आवारा।* इसमें एक गाने में नायक खुद को *आवारा हूं, आसमान का तारा हूं* बताता है। विष्णु प्रभाकर ने शरतचंद्र की जो मशहूर जीवनी लिखी है, उसका शीर्षक है- *आवारा मसीहा।* एक जमाने में कवि-शायर अपना उपनाम या तखल्लुस 'आवारा' रखा करते थे। एक लोकप्रिय उपन्यासकार हुआ करते थे, प्यारेलाल आवारा। आवारा मगर इतना अच्छा शब्द भी नहीं माना गया है। पशु जो निराश्रित हैं, किसी के पाले हुए नहीं हैं या पालकर छोड़ दिए गए हैं, उनको भी आवारा कहा जाता है। 'आवारगी' न उनकी पसंद है और न वे बदचलन, लुच्चे-लफंगे हैं, जो आवारा शब्द का एक प्रचलित और शब्दकोशीय अर्थ है। उनके निराश्रित होने में उनका दोष नहीं है। आपको विदेशी कुत्ते पसंद हैं, देसी कुत्ते पालने में आपकी हेठी होती है, तो आप अक्सर इन्हें नहीं पालते। आप गाय को अपने स्वार्थ के कारण छुट्टा छोड़ देते हैं, जब वे उपयोगी नहीं रहतीं या दूध नहीं देने के कारण भार स्वरूप हो जाती हैं। उत्तर भारत में हिंदूवाद का उत्पात बहुत ज्यादा है। धर्म भी इसकी इजाजत नहीं देता कि इन्हें कसाइयों को बेच दिया जाए। इस नाम पर दंगे भी हो सकते हैं। हत्या हो सकती है। भले ही ये जानवर भूखे मरने के कारण रात को किसानों की फसल बर्बाद कर दें! भैंसें आपको 'आवारा' नहीं दिखतीं, क्योंकि उनको अनुपयोगी होने पर निपटा दिया जाता है। बिना शोर के। तब धर्म अधिक बीच में नहीं आता। धर्म भी तभी आड़े आता है, जब उसे आड़े आना होता है। जानवरों की 'आवारगी', इनकी 'आवारगी' नहीं, हमारी स्वार्थपरता, हमारी आवारगी है। आवारा हम हैं, जानवर नहीं।

विष्णु नागर, टिप्पणीकार


## गलत आरोप

हम हरेक समस्या पर उंगली सरकार के ऊपर उठा देते हैं, जबकि कई बार वह समाधान करने को प्रयासरत रहती है। आवारा पशुओं का मसला भी यही है। पहले गोवंश को बचाने के लिए सरकार ने कई उपाय किए, और जब लगा कि किसान मवेशियों को सड़कों पर छोड़ दे रहे हैं, तो गोशाला आदि की व्यवस्था करवाई। यहां तक कि मवेशियों को छुट्टा छोड़ने वालों पर जुर्माने आदि की व्यवस्था भी की गई। इसीलिए हमें सरकार को घेरना बंद करना चाहिए। इसके बजाय, समस्या की जड़ में पहुंचकर उसका समाधान करना चाहिए।

पूनम, टिप्पणीकार

# फेफड़ों की ताकत बढ़ाने से बनेगी बात

**श्वसन संबंधी रोगों के बढ़ते मामले दुनियाभर में चिंता का विषय हैं। आलस भरी जीवनशैली, बढ़ता प्रदूषण और कोविड के बाद के प्रभाव का असर, फेफड़े लगातार निशाने पर हैं। विशेषज्ञों के अनुसार लंबे समय तक फेफड़ों का दम बना रहे, इसके लिए कई पहलुओं पर अभी से ध्यान देना होगा। क्या करें, बता रही हैं शमीम खान**



फेफड़ों से जुड़ी समस्याएं विश्वभर में मृत्यु के दस प्रमुख कारणों में से एक है। उस पर हम फेफड़ों की सेहत पर उतना ध्यान नहीं देते, जितना देना चाहिए। विभिन्न अध्ययनों के मुताबिक, कोरोना से ठीक हो चुके लोगों के फेफड़ों पर अब तक प्रभाव देखने को मिल रहा है। कमजोर इम्युनिटी के कारण बार-बार संक्रमण की चपेट में आना भी फेफड़ों को जल्दी बूढ़ा बना रहा है।

हमारे फेफड़े सांस के जरिये ऑक्सीजन लेते हैं और खून में मिलाते हैं। शरीर को जब पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती तो असर श्वसन तंत्र पर ही नहीं, सभी अंगों पर पड़ता है। फेफड़े शरीर से कार्बन डाईऑक्साइड बाहर करने में भी मदद करते हैं। प्रदूषण व धूम्रपान के कारण लंबे समय तक खांसी, दमा व सीओपीडी की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। हालांकि, विशेषज्ञ मानते हैं कि फेफड़ों की देखभाल करना इतना मुश्किल नहीं है।

## कोविड का असर भी रहा है दिख

वेल्लोर के क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज में हुए एक नए अध्ययन की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, कोविड ने यूरोपीय और चीन के लोगों की तुलना में भारतीयों के फेफड़ों को अधिक प्रभावित किया है। कोविड से ठीक हो चुके लोगों में भी फेफड़ों की कार्यप्रणाली बहुत अधिक प्रभावित हुई है। यह अध्ययन भारतीयों में फेफड़ों की कार्यप्रणाली और जीवन की गुणवत्ता पर कोविड का प्रभाव शीर्षक से पीएलओएस ग्लोबल पब्लिक हेल्थ जर्नल में छपा है। यह अध्ययन कोरोना की पहली लहर में किया गया था। इसके लिए कोरोना से उबर चुके लोगों की लंग फंक्शनिंग टेस्ट, एक्सरसाइज टॉलरेंस, चेस्ट रेडियोग्राफी और क्वालिटी ऑफ लाइफ जैसे मानदंड रखे गए थे। सबसे संवेदनशील लंग फंक्शनिंग टेस्ट, गैस ट्रांसफर (डीएलसीओ) में पाया गया कि 44 % मरीजों में फेफड़ों की सांस द्वारा ली गई हवा को खून में मिलाने की क्षमता प्रभावित हुई है, जो बहुत चिंताजनक है।


## बढ़ रही है फेफड़ों संबंधी परेशानी

■ थोड़ा-सा काम करने पर सांस लेने में परेशानी होना या सांस फूलना, विशेषकर शारीरिक गतिविधियां करते समय ■ लगातार खांसी का बना रहना, गला खराब रहना ■ छाती में दर्द व जकड़न महसूस करना ■ थकान, पोस्ट कोविड लंग डैमेज का प्रमुख लक्षण है। थकान के कारण व्यायाम करने की क्षमता भी कम हो जाती है ■ शारीरिक सक्रियता में कमी आना। थोड़ा-सा परिश्रम करने पर थकान या सांस फूलना ■ फेफड़ों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण बार-बार संक्रमण होना।

## समझें फेफड़ों की क्षमता को

हमारी लंग कैपिसिटी यानी फेफड़ों की क्षमता हवा की वो मात्रा होती है, जो हमारे फेफड़े रोक कर सकते हैं। उम्र बढ़ने के साथ फेफड़ों की क्षमता में कमी आने लगती है। यह शुरुआत 25 के बाद हो जाती है। उम्र के अलावा फेफड़ों से जुड़ी समस्याएं जैसे दमा, सीओपीडी, प्रदूषण, शारीरिक सक्रियता की कमी भी फेफड़ों की क्षमता को कम कर देती हैं।

■ फेफड़ों की क्षमता हर व्यक्ति की अलग होती है। वायु की अधिकतम मात्रा जो फेफड़े होल्ड कर सकते हैं, वह लगभग 6 लीटर होती है। फेफड़ों की क्षमता मापने के लिए जो टेस्ट किया जाता है उसे स्पाइरोमेट्री कहते हैं।



## ये बातें डालती हैं बुरा असर

■ धूम्रपान करना या धूम्रपान करने वालों के आसपास रहना ■ प्रदूषित वायु में सांस लेना ■ स्तन कैंसर के उपचार के लिए ली जाने वाली रेडिएशन थेरेपी ■ कैंसर और अनियमित धड़कनों के उपचार के लिए ली जाने वाली दवाओं और एंटीबायोटिक्स का बुरा असर ■ उम्र बढ़ने के साथ मांसपेशियों का कमजोर होना, इससे श्वास नलिका और फेफड़ों का स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है ■ एसिडिटी और अपच; इससे पीड़ित लोगों में फेफड़ों से जुड़े रोगों का खतरा बढ़ जाता है ■ दांतों व मसूड़ों को साफ न रखना ■ विटामिन डी की कमी।

## उपचार के विकल्प

■ **पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन:** पेशेवरों की देखरेख में मरीज की जरूरत के हिसाब से एक विशेष एक्सरसाइज प्रोग्राम तैयार किया जाता है। इससे फेफड़ों की कार्यप्रणाली, उसकी ताकत को बढ़ाने और संपूर्ण सेहत को बेहतर बनाने पर जोर दिया जाता है।

**दवाएं:** लक्षणों में सुधार करने और वायु मार्ग की सूजन कम करने के लिए ब्रांकोडायलैटर्स और सूजन कम करने वाली दवाएं दी जाती हैं।

■ **ऑक्सीजन थेरेपी:** अगर फेफड़े बहुत ज्यादा क्षतिग्रस्त हो गए हों तो ऑक्सीजन थेरेपी दी जाती है, ताकि रक्त में ऑक्सीजन का पर्याप्त स्तर बना रहे।

■ **साइकोलॉजिकल सपोर्ट:** श्वसन तंत्र ठीक तरह से काम न करने व लंबे समय तक जूझने के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। ऐसे में काउंसलिंग व मनोरोग विशेषज्ञ भावनात्मक संतुलन बनाने की कोशिश करते हैं। नियमित जांच भी जरूरी है।

## खाएं संतुलित भोजन

■ पोषक व संतुलित भोजन खाएं। एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर चीजें खाएं। विशेषज्ञों के अनुसार, ब्रोकली, फूलगोभी और पत्ता गोभी का अधिक सेवन फेफड़ों का कैंसर होने की आशंका 50 प्रतिशत तक कम करता है। ब्रिटेन में हुए एक शोध में सामने आया कि जो लोग हफ्ते में तीन बार टमाटर खाते हैं, उनके फेफड़ों की कार्यप्रणाली सुधर जाती है।

■ नमक, कैफीन और एल्कोहल का सेवन कम करें। पानी के अलावा भी पर्याप्त तरल चीजें लें। इससे फेफड़ों की अंदरूनी पतली परत म्युकोसल लाइनिंग स्वस्थ रहती है।


**हमारे विशेषज्ञ: डॉ. दीपक प्रजापत,** सीनियर कंसल्टेंट, पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर, मेट्रो हॉस्पिटल्स एंड हार्ट इंस्टीट्यूट, नोएडा **डॉ. गुरमीत छाबड़ा,** सीनियर कंसल्टेंट, रेसपिरेटरी मेडिसीन, क्युआरजी हेल्थसिटी, फरीदाबाद

## इनकी अनदेखी न करें

■ धूम्रपान न करें व धूम्रपान करने वालों से दूर रहें।
■ घर के अंदर और बाहर प्रदूषण से बचें।
■ पालतू जानवरों के फर के संपर्क से बचें।
■ हमेशा खिड़कियां व दरवाजे बंद न रखें।
■ वजन नियंत्रित रखें। सही पॉस्चर रखें।
■ खुलकर हंसे, इससे बासी हवा बाहर निकलती है।
■ रोजाना 30 मिनट व्यायाम, योग या पैदल चलें। इसी तरह सप्ताह में पांच दिन कोई मनपसंद वर्कआउट जैसे चलना, दौड़ना, तैराकी व साइकिल चलाएं।


## करें माइंडफुल ब्रीदिंग

माइंडफूल ब्रीदिंग फेफड़ों समेत पूरे श्वसन तंत्र की कार्यक्षमता को बढ़ाती है। दिन भर में केवल 10 मिनट ऐसा करने पर बदलाव महसूस होगा। इसके लिए किसी खुले हवादार स्थान पर बैठ जाएं। सांसों की लय पर ध्यान केंद्रित करें। गहरी सांस लें फिर छोड़ें। इसे एक लय में करें। शुरुआत में इसे 5 मिनट तक करें, फिर धीरे-धीरे 10 मिनट तक बढ़ाएं।



## सवाल-जवाब


# दिनभर रहती है सुस्ती और थकान



**डॉ. साहिल कपूर**
फैमिली मेडिसिन, वैलनेस एक्सपर्ट, आकाश हेल्थकेयर, नई दिल्ली

■ **मुझे दिन भर सुस्ती व थकान रहती है। बाहर निकलने पर चक्कर आते हैं। क्या करूं?**
कृपया अपने बीपी और शुगर की जांच करा लें। इन दोनों के बढ़ने पर भी ये लक्षण सामने आ सकते हैं। आमतौर पर, अन्य लक्षणों को देखते हुए डॉक्टर थायरॉइड, कोलेस्ट्रॉल, लिवर और किडनी जांच भी करा सकते हैं। कई बार शरीर में विटामिन की कमी होने पर भी ऐसा होता है। अगर सारे टेस्ट ठीक हैं तो आप मल्टीविटामिन स्टार्ट करें। पानी ज्यादा पिएं। फल और सलाद खाएं। संतुलित भोजन करें।

■ **मेरी उम्र 40 साल है। पिछले महीने से मधुमेह की दो दवाएं लेनी शुरू की है। तब से सिर दर्द रहता है? क्या यह दवा के कारण है?**



आप एक बार उस डॉक्टर से बात कर लें, जिन्होंने दवा लिखी है। कई बार दवा के साइड इफेक्ट होते हैं, पर यह शुगर की दवा के कारण हो जरूरी नहीं। बीपी के अलावा आंखों की जांच भी कराएं। कई बार शुगर के कारण आंखों में भी समस्या हो जाती है। आंखों का नंबर बढ़ना व सर्वाइकल भी सिर-दर्द की वजह हो सकता है। अगर आप बहुत सोचते हैं या बेचैन रहते हैं तो भी सिर दर्द हो सकता है। डॉक्टर को दिखाएं, साथ ही अपनी दिनचर्या और नींद को भी ठीक रखें।

■ **मुझे कुछ समय से खांसी है। कभी थोड़ा आराम आता है, पर फिर खांसी हो जाती है। लगातार खांसी रहने के क्या नुकसान हैं?**
इस तरह खांसी रहना एलर्जी के कारण हो सकता है। इसके लिए हम दो टेस्ट बताते हैं, एक सीबीसी व ईएसआर। दूसरा, सिरम आईजीई व एलर्जी प्रोफाइल। अगर आईजीई लेवल बड़ा रहता है और खांसी ठीक नहीं होती तो तुरंत उपचार कराना चाहिए। एलर्जी प्रोफाइल में यह देखा जाता है कि आपको किसी खास दवा, खाने-पीने की चीज या धूल-मिट्टी से एलर्जी तो नहीं है। प्रदूषण भी इसका कारण हो सकता है। कुछ दिन बाहर जाते समय मास्क पहन कर रखें। खांसी के लिए टेस्ट कराएं और डॉक्टर से मिलें।

■ **मुझे खाना ढंग से हजम नहीं होता। पेट ढंग से साफ नहीं होता। भूख कम लगती है, गैस बनती रहती है। मुझे किन्हें दिखाना चाहिए?**
व्यायाम की कमी, सलाद, फल व हरी सब्जियां न खाने से भी एसिडिटी हो सकती है। अगर गैस बहुत अधिक है तो किसी गैस्ट्रोलॉजिस्ट को दिखाएं। वे कुछ गैस की दवाएं देंगे। पानी ज्यादा पिएं, इससे पेट सही रहेगा। आलू, चावल व मैदा कम खाएं। फल व सलाद ज्यादा लें। ये उपाय करते रहें, पर डॉक्टर से जरूर मिलें।

### भेजें अपने सवाल

अपनी सेहत से जुड़े सवाल tanmanhindustan@gmail.com पर मेल करें। आप इस पते पर भी सवाल भेज सकते हैं

**तन-मन, हिन्दुस्तान, आकृति बिल्डिंग, सी-164, सेक्टर-63, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर- 201301 (उत्तर प्रदेश)**

# सूजन और त्वचा पर चकत्ते हैं तो डॉक्टर से जरूर मिलें

**दुर्लभ रोग दिवस (29 फरवरी)**

**अभिनेत्री सुहानी भटनागर के निधन के बाद डर्मेटोमायोसाइटिस का मर्ज इन दिनों चर्चा में है। विशेषज्ञों के अनुसार यह दुर्लभ रोग लाइलाज नहीं है, बस समय पर पहचान होना जरूरी है। बता रही हैं विनीता**

डर्मेटोमायोसाइटिस एक ऑटो इम्यून डिजीज है, जिसमें हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बीमारी से लड़ने के बजाय स्वस्थ अंगों को नुकसान करने लगती है। महिलाओं में यह समस्या ज्यादा होती है। मांसपेशियों में सूजन, कमजोरी और त्वचा पर चकत्ते पड़ना इसके प्रमुख लक्षण हैं। कारण स्पष्ट नहीं हैं, पर जल्दी-जल्दी वायरल इन्फेक्शन, धूम्रपान, प्रदूषण, दवाओं के साइड इफेक्ट्स व आनुवंशिक कारणों को जिम्मेदार माना जाता है। कैंसर से भी इस रोग का गहरा संबंध है। पांच से 14 साल के बच्चों या फिर 40 से अधिक उम्र के लोगों में यह समस्या अधिक होती है।

## कैसे पहचानें लक्षण

■ कंधे की मांसपेशियों में दर्द व कमजोरी, जिससे कंघी करने या हाथ ऊपर करने में दिक्कत ■ कूल्हे के आसपास की मांसपेशियों में दर्द के कारण उठने-बैठने, चलने में दिक्कत ■ चेहरे पर लाल रंग के रैशेज या चकत्ते आना ■ श्वसन तंत्र की मांसपेशियां चपेट में आ जाएं तो सांस फूलने की समस्या होना ■ जोड़ों के आसपास जैसे कोहनी, घुटने या पैरों की उंगलियों में सूजन व चकत्ते पड़ना ■ त्वचा में रूखापन, जोड़ों में जकड़न, बाल पतले और कमजोर होना ■ गले में सूजन के कारण भोजन निगलने में दिक्कत व आवाज में बदलाव ■ थकान, बुखार, कमजोरी व वजन कम होना।

उपर्युक्त लक्षण दिखाई देने पर रूमेटोलॉजिस्ट यानी गठिया रोग विशेषज्ञ से मिलें।


## जांच व उपचार

पहले मरीज की शारीरिक जांच और मेडिकल हिस्ट्री के जरिये बीमारी की असली वजह जानने की कोशिश की जाती है। साथ ही सीपीके क्रिएटिन फास्फोकाइनेज), एलडीएच (लैक्टेट डिहाइड्रोजनेज) नामक ब्लड टेस्ट के अलावा मांसपेशियों की बायोप्सी की जाती है।

## क्या है उपचार


लक्षणों की गंभीरता के आधार पर इम्यूनोसप्रेसेंट व स्टेरॉएड दवाएं दी जाती हैं। यह दवाएं लंबे समय तक भी लेनी पड़ सकती है। पर सही उपचार के साथ पीड़ित व्यक्ति सामान्य, स्वस्थ और सक्रिय जीवन जी सकता है। डॉक्टर के सभी निर्देशों का पालन जरूरी है।

(डॉ. उमा कुमार, एचओडी, रूमेटोलॉजी विभाग, एम्स दिल्ली से बातचीत पर आधारित)



**रखें ध्यान** ■ धूम्रपान से बचें ■ तनावमुक्त और प्रसन्न रहने की कोशिश करें ■ रोज आठ घंटे की पर्याप्त नींद लें ■ टहलें व व्यायाम करें ■ संतुलित भोजन, फल व हरी सब्जियां खाएं ■ प्रोटीन, कैल्शियम व विटामिन डी की पूर्ति पर ध्यान दें ■ दवाएं डॉक्टर की सलाह से ही लें।

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय बढ़ेगी।

**वृष:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा।

**मिथुन:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पर, मन परेशान भी हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। माता-पिता का सहयोग मिल सकता है। लाभ के योग हैं।

**सिंह:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण तो रहेंगे। पर, संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या:** मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। नौकरी में तरक्की के मौके मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। संपत्ति में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। संतान की सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**धनु:** मन प्रसन्न रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार का विस्तार होगा।

**मकर:** मन अशांत रहेगा। आत्मसंयत रहें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पर, अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। पर, माता-पिता से दूर रहना पड़ सकता है।

**मीन:** मन परेशान रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। सेहत का ध्यान रखें।

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

01 मार्च, शुक्रवार, 11 फाल्गुन (सौर) शक संवत् 1945, 18 फाल्गुन मास प्रविष्टे (पंजाब पंचांग) 2080, 19 शब्बान सन् 1445, फाल्गुन कृष्ण षष्ठी तिथि (दिन-रात) (विक्रमी संवत्) स्वाति नक्षत्र दोपहर 12.49 बजे तक पश्चात विशाखा नक्षत्र, ध्रुव योग, सायं 06.15 बजे तक तदनंतर व्याघात योग, गर करण। चंद्रमा तुला राशि में (दिन-रात)।

**सूर्य उत्तरायण।** सूर्य दक्षिण गोल। वसंत ऋतु। प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक राहुकालम्। भद्रा अपराह्न 03.34 मिनट से रात्रि 04.47 मिनट तक। गंडमूल विचार।


## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

मेरी दुकान में पहले के मुकाबले कम बिक्री हो रही है। ग्राहक भी पहले से कम आते हैं। कृपया कोई उपाय बताएं? -आराधना, जयपुर

■ आपने दुकान का जो नक्शा और वीडियो भेजा है, उसमें आपने दुकान के ईशान कोण में बड़ा-सा लाल रंग का ओम व स्वास्तिक लगा रखा है, जो बिजली से चलता है। यह गलत है। इतनी ज्यादा लाल रंग की रोशनी इस दिशा में ठीक नहीं है। इसे हटाएं।

■ उत्तर दिशा में लाल फिटकरी रखें। पश्चिम दिशा में एक गुल्लक रखें। उत्तर पश्चिम दिशा में एक विंड चाइम लगाएं।

## वर्ग पहेली: 7529



**बाएं से दाएं**
3. एकास्सी; चंद्र मास की ग्यारहवीं तिथि; धर्मवास (4)
4. खिदमतगार; परिचर्या करने वाला; अनुचर; चाकर; सेवक; देखभाल करने वाला (5)
6. माल वहन करने वाला; मालवाही (5)
8. काया; शरीर; देह (2)
9. थका हुआ; शिथिल; पराजित; हारा हुआ (2)
10. किसी विषय विशेष पर मन को स्थिर करने की क्रिया; लीन होने की स्थिति; अंतःस्थ चिंतन; एकाग्रता; ख्याल (2)
12. रस्सी; कंठहार; माला; कीमत; मूल्य (2)
13. ठोकना; दस्तक देना; याद दिलाना; स्मरण कराना (5)
15. पालने वाला; परमात्मा (5)
16. खिंचाव की हालत; तनावपूर्ण स्थिति; मन-मुटाव; रंजिश (4)

**ऊपर से नीचे**
1. किसी को न बताना; किसी से न कहना; रहस्य रखना (3,2,3)
2. हजम करना; नष्ट करना; समाप्त करना; गोपन करना (3)
3. इकलौता; अकेला (4)
5. बहुत तंग करना; परेशान करना (2,1,2,3)
7. बाजा बजाया जाना (3)
9. जांच; परीक्षा; पहचान (3)
11. अन्न-जल; खाना-पीना (2,2)
14. अनुमति पत्र; दस्तावेज; प्रमाण (3

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

## वर्ग पहेली: 7528

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1अ | ■ | 2वि | 3दे | श | ग | 4म | न | ■ |
| 5प | न | प | ना | ■ | ■ | च | ■ | 6छ |
| ना | ■ | दा | ■ | ■ | 7क | ल | क | ल |
| 8का | ना | ■ | ■ | 9वि | ■ | जा | ■ | नी |
| म | ■ | 10ल | ह | ल | हा | ना | ■ | क |
| क | ■ | प | ■ | य | ■ | ■ | 11दू | र |
| 12र | सि | क | ता | ■ | ■ | 13मि | ■ | डा |
| ना | ■ | वा | ■ | ■ | 14द | ल | ब | ल |
| ■ | 15म | ना | क | र | वा | ना | ■ | ना |

## सुडोकू: 7513

* आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | 9 | | 3 | 4 | | |
| | | 4 | 2 | | 5 | 3 | | |
| 5 | | | | | | | | 6 |
| | 1 | | 7 | | 9 | | 2 | |
| 2 | | | | 1 | | | | 3 |
| | 3 | | 6 | | 2 | | 4 | |
| 3 | | | | | | | | 7 |
| | | 2 | 3 | | 8 | 1 | | |
| | | 1 | 4 | | 7 | 5 | | |

**खेलने का तरीका:** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

## सुडोकू: 7512

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 2 | 9 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 8 | 3 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 |
| 5 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 7 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 4 | 5 | 7 | 8 |
| 9 | 7 | 8 | 3 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 |
| 4 | 8 | 2 | 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 5 |
| 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 7 | 2 | 1 | 4 |

चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में देश की अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी

# शानदार : लगातार दूसरी तिमाही में जीडीपी की जोरदार छलांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की जीडीपी ने लगातार दूसरी तिमाही में सभी विशेषज्ञों को चौंकाया है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भी आर्थिक विकास की दर सभी अनुमानों से आगे रही। आरबीआई, एसबीआई रिसर्च सहित कई विशेषज्ञों ने अक्तूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान सात फीसदी या इससे कम की वृद्धि दर का अनुमान दिया था लेकिन यह तेज रफ्तार के साथ 8.4 फीसदी रही।

इससे पहले सितंबर तिमाही में भी अर्थव्यवस्था अनुमान से तेज 7.6 फीसदी रफ्तार से बढ़ी थी। इस दौरान भी आरबीआई ने 6.5 फीसदी और अन्य अर्थशास्त्रियों ने इसके 6.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। वहीं, दूसरी और तीसरी तिमाही में अनुमान से बेहतर प्रदर्शन के बाद पूरे वित्त वर्ष 2024 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.6 फीसदी कर दिया गया है। इससे पहले पूरे साल का अनुमान 7 फीसदी का था. जिसे बाद में बढ़ा कर 7.3 फीसदी किया गया था।

**वृद्धि दर आठ फीसदी के पार :** इसके साथ ही एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष की पहली एवं दूसरी तिमाही के लिए भी जीडीपी अनुमान को संशोधित कर क्रमशः 8.2 और 8.1 प्रतिशत कर दिया है। पिछला अनुमान पहली तिमाही के लिए 7.8 प्रतिशत और दूसरी तिमाही के लिए 7.6 प्रतिशत का था। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी है जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 7.3 प्रतिशत बढ़ी थी।

**इन क्षेत्रों में तेजी :** अर्थव्यवस्था में यह तेजी मैन्युफैक्चरिंग, खनन और निर्माण क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के कारण रही है। मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में जहां 11.6 फीसदी की तेजी रही। वहीं, निर्माण क्षेत्र 9.5 फीसदी की तेजी से आगे बढ़ा।

### छह तिमाहियों में जीडीपी की रफ्तार




### यह अनुमान दिया था

| | |
|---|---|
| आरबीआई | 07% |
| एसबीआई रिसर्च | 6.9% |
| इकरा | 06% |
| मूडीज | 6.7% |

### इन पर होगा असर

1. देश पर भरोसा और बढ़ेगा
2. देशी-विदेशी निवेश बढ़ेगा
3. सरकार पर कर्ज का बोझ घटेगा
4. उद्योग क्षेत्र विस्तार करेंगे
5. देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे
6. सुविधाओं पर अधिक खर्च होगा

### राजकोषीय घाटा लक्ष्य के 63.6% पर पहुंचा

चालू वित्त वर्ष में जनवरी के अंत तक सरकार का राजकोषीय घाटा 11 लाख करोड़ रुपये के साथ संशोधित वार्षिक लक्ष्य के 63.6 प्रतिशत पर पहुंच गया है। वहीं, वर्ष 2021-22 और 2022-23 में देश की प्रति व्यक्ति आय क्रमशः 1,50,906 रुपये और 1,69,496 रुपये रहने का अनुमान है।

## बुनियादी उद्योगों की वृद्धि 15 माह के निचले स्तर पर

### रिफाइनरी उत्पाद और उर्वरक क्षेत्र रहे सुस्त


**नई दिल्ली, एजेंसी।** आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6 प्रतिशत पर आ गई। यह इसका 15 माह का निचला स्तर है। गुरुवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात और बिजली जैसे क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण वृद्धि धीमी हुई।

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन दिसंबर, 2023 में 4.9 प्रतिशत बढ़ा था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 9.7 प्रतिशत थी। इन आठ क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। जनवरी, 2024 से कम वृद्धि दर अक्तूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह अप्रैल-जनवरी के दौरान बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 8.3 प्रतिशत थी।

जनवरी, 2024 में रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक का उत्पादन घटा। समीक्षाधीन महीने में कोयला, इस्पात और बिजली के उत्पादन में वृद्धि की गति धीमी हो गई। हालांकि, इस दौरान कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और सीमेंट के उत्पादन में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।



### जनवरी 2024 में आठ प्रमुख उद्योगों का प्रदर्शन




## बाजार 30s

### शेयर बाजार

**सेंसेक्स** 72500 +195.42

टॉप गेनर

| कंपनी | बंद | बदलाव% |
|---|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 1475.40 | 1.81 |
| एमएंडएम | 1933.80 | 1.73 |

टॉप लूजर

| कंपनी | बंद | बदलाव% |
|---|---|---|
| टाटा मोटर्स | 950.80 | -0.73 |
| टेक महिंद्रा | 1276.25 | -0.60 |

**निफ्टी** 21982 +31.65

टॉप गेनर

| कंपनी | बंद | बदलाव% |
|---|---|---|
| अडानी एंट. | 3299.90 | 2.51 |
| अडानी पोर्ट | 1328.00 | 2.19 |

टॉप लूजर

| कंपनी | बंद | बदलाव% |
|---|---|---|
| अपोलो हास. | 6120.00 | -3.81 |
| बजाज ऑटो | 7926.45 | -3.20 |

### कमोडिटी

| | भाव | बदलाव |
|---|---|---|
| सोना | 62,970 | +70 |
| चांदी | 74,100 | +200 |

**करेंसी**
डॉलर/रुपया
82.91 स्थिर

### नौ माह में एफडीआई प्रवाह 13 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह यानी अप्रैल-दिसंबर-2023 में 13 प्रतिशत घटकर 32.03 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, वाहन और फार्मा क्षेत्रों में कम निवेश के कारण एफडीआई घटा है।

### सोना 70 रुपये तेज, चांदी 200 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने की कीमत 70 रुपये की बढ़त के साथ 62,970 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछले सत्र में सोना 62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी का भाव भी 200 रुपये की मजबूती के साथ 74,100 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया।

## सरकार 'भारत मसूर दाल' पेश करेगी

हि विशेष

■ पूजा दास

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार भारत आटा और चावल के बाद भारत मसूर दाल बाजार में उतारने की योजना बना रही है। बिना किसी छूट के साथ इस दाल को लगभग 89 रुपये किलोग्राम के हिसाब से बेचा जाएगा।

गौरतलब है कि मुद्रास्फीति नियंत्रण में होने और सरकारी भंडार में भारी मात्रा में मसूर दाल पड़े होने के बावजूद इसकी कीमतें बढ़ी हैं। बुधवार को मसूर दाल की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत 93.5 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

अधिकारी ने बताया कि पहले चरण में नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड 25,000 टन दाल की प्रोसेसिंग और पैकिंग करेंगे।

इसे देशभर में केंद्रीय भंडार के माध्यम से वितरित किया जाएगा। भारत मसूर दाल एक किलो के पैक में उपलब्ध होगी। दाल की बिक्री मार्च महीने के पहले सप्ताह से शुरू होने की उम्मीद जताई गई है। अधिकारी ने कहा, हालांकि मसूर दाल की कीमतें अधिक नहीं है। mint

### मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने का किया था वादा



पिछले कैलेंडर वर्ष में भारत ने लगभग 3.1 मिलियन टन दालों का आयात किया था, इसमें से आधा मसूर, ज्यादातर कनाडा और ऑस्ट्रेलिया से आई थी। मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए केंद्र सरकार एनएफईडी, एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार के माध्यम से भारत चावल 29 रुपये प्रति किलोग्राम, भारत आटा 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम और भारत दाल (चना) 60 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर बेच रही है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण के दौरान 2024 अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों से कुछ महीने पहले मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने का वादा किया था।

## शेयर बाजार में तेज उठा-पटक जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी रही और सेंसेक्स 195 अंक के लाभ में रहा। वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान का अंतिम दिन होने के साथ बाजार में काफी उतार-चढ़ाव रहा।

सेंसेक्स 195.42 अंक की तेजी के साथ 72,500.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 72,730 तक गया जबकि नीचे में 72,099.32 अंक तक आया। निफ्टी भी 31.65 अंक की बढ़त के साथ 21,982.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के अंतिम घंटे में लिवाली से बाजार में तेजी आई। इस सप्ताह कई महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े जारी होने हैं।

## अपना देश

## 'ईट राइट स्टेशन' के तहत 150 रेलवे स्टेशन को प्रमाण पत्र मिला

पहल

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** 'ईट राइट इंडिया' पहल में यात्रियों को स्वच्छ, स्वादिष्ट, पौष्टिक और ताजा भोजना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवे स्टेशन और मेट्रो स्टेशन को प्रमाणन करने की प्रक्रिया जारी है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की ईट राइट स्टेशन पहल के तहत अब तक देशभर में 150 रेलवे स्टेशन को प्रमाणन दिया गया है। इस प्रक्रिया में छह प्रमुख मेट्रो स्टेशन को भी मान्यता दी गई है। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ईट राइट स्टेशन प्रमाणन प्रक्रिया में खाद्य विक्रेताओं का कठोर ऑडिट, खाद्य संचालकों का प्रशिक्षण, सख्त स्वच्छता, स्वच्छता प्रोटोकॉल और यात्रियों के बीच मेनू में भोजन विकल्प चुनने के लिए जागरूकता बढ़ाने के प्रयास शामिल है। इन कड़े मानदंडों को पूरा करने वाले स्टेशन को ईट राइट स्टेशन प्रमाणन से सम्मानित किया जाता है। स्टेशन को 1 से 5 तक की रेटिंग के साथ एफएसएसएआई-सूचीबद्ध तृतीय-पक्ष ऑडिट एजेंसी के निष्कर्ष पर एक प्रमाण पत्र दिया जाता है।

### इनको मिली मान्यता

ईट राइट स्टेशन के रूप में पूर्व में प्रमाणित किए गए रेलवे स्टेशन में नई दिल्ली, वाराणसी, कोलकाता, उज्जैन, अयोध्या कैंट, हैदराबाद, चंडीगढ़, कोझिकोड, गुवाहाटी, विशाखापत्तनम, भुवनेश्वर, वडोदरा, मैसूर सिटी, भोपाल, दिल्ली का आनंद विहार टर्मिनल शामिल है। इसके अलावा अब लखनऊ, बनारस, मेरठ, गोरखपुर, हरिद्वार, आगरा कैंट, वाराणसी, कानपुर, अयोध्या सहित देशभर के तमाम स्टेशन को मान्यता दी गई है।

## वृत्तचित्र पर रोक की याचिका खारिज

**मुंबई, एजेंसी।** बंबई हाईकोर्ट ने कहा कि उसे अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या की आरोपी इंद्राणी मुखर्जी पर बनी नेटफ्लिक्स की वृत्तचित्र-श्रृंखला में अभियोजन या मुकदमे के खिलाफ कुछ भी नहीं मिला है।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने सीबीआई द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी। याचिका में मामले की सुनवाई पूरी होने तक फिल्म की वित्तचित्र पर रोक लगाने की मांग की गई थी। ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स पर श्रृंखला रिलीज करने का रास्ता साफ हो गया है। पीठ ने कहा कि उसने श्रृंखला देखी है और इसमें ऐसा कुछ भी नहीं मिला जिससे मुकदमे या अभियोजन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

## मणिपुर सरकार ने शांति बहाली में असम राइफल्स से मांगी मदद

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर सरकार ने हिंसा प्रभावित छह जिलों में शांति बनाए रखने और जनता का विश्वास बहाल करने के लिए असम राइफल्स से सहायता मांगी है।

इंफाल पश्चिम जिला मजिस्ट्रेट द्वारा गुरुवार को जारी एक आदेश में कहा गया है कि इंफाल शहर और आसपास के इलाकों में कानून-व्यवस्था का गंभीर उल्लंघन हुआ है और भीड़ द्वारा हिंसा की रिपोर्ट मिली है। स्थिति जिला प्रशासन और जिला पुलिस के नियंत्रण से बाहर हो गई है। ऐसे में 29 फरवरी से 5 मार्च तक जिले के विभिन्न हिस्सों में असम राइफल्स की सेवा की मांग की गई है। शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी और तेंगनौपाल जैसे अन्य जिलों ने भी असम राइफल्स की तैनाती की मांग की है।

विज्ञापन संख्या. 18/2024
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
**ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
**में**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता हैं।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
**24/03/2024** हैं।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को
लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
**02/04/2024** हैं।
जानकारी के लिए वेबसाइट
http://www.pesb.gov.in
में लॉग इन करें।

## तीन विधेयकों को राष्ट्रपति की मंजूरी

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल सरकार के तीन विश्वविद्यालय कानून विधेयकों पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वीकृति नहीं दी है।

इन विधेयकों पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के साथ विवाद के बाद एक और झटका लगा है। इसमें राज्यपाल को विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के पद से हटाने का विधेयक भी शामिल है। हालांकि, राष्ट्रपति ने विधानसभा द्वारा पारित केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दे दी। बता दें, राज्यपाल आरिफ ने राष्ट्रपति को ये विधेयक उनकी स्वीकृति के लिए भेजे थे।







## कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड देहरादून

विज्ञप्ति संख्याः 24968 /सात लाई०-47/ आबकारी नीति-2024/देहरादूनः

### विज्ञप्ति

दिनांकः फरवरी 29, 2024

आबकारी नीति विषयक अधिसूचना संख्याः 148(1)/XXIII-1/2024-04(01)/2024 दिनांक 21 फरवरी 2024 के अनुक्रम में वर्ष 2024-25 हेतु देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का व्यवस्थापन हेतु जारी विज्ञप्ति संख्या-24208/सात लाई०- 47/आबकारी नीति-2024/देहरादूनः दिनांकः 21 फरवरी, 2024 में आंशिक संशोधन करते हुए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मदिरा दुकानों के व्यवस्थापन का कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित किया जाता हैः-

**जनपद अल्मोड़ा, बागेश्वर, नैनीताल, चंपावत, पौड़ी, टिहरी एवं हरिद्वार की मदिरा की फुटकर दुकानों के नवीनीकरण हेतु समय-सारणी**

| क्रमांक | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | जिला अधिकारी द्वारा दुकानों का वर्ष 2024-25 के निर्धारित राजस्व पर दुकानों के नवीनीकरण हेतु आबकारी आयुक्त को प्रेषित किए जाने की अन्तिम तिथि | 05.03.2024 |
| 2 | आबकारी आयुक्त द्वारा नवीनीकरण के संबंध में निर्णय लेते हुये सम्बन्धित आवेदक को नवीनीकरण शुल्क तथा दुकान की वर्ष 2024-25 हेतु निर्धारित राजस्व पर दुकान संचालन की अनुमति प्रदान किए जाने की अन्तिम तिथि | 07.03.2024 |
| 3 | नवीनीकरण हेतु निर्धारित धनराशियां जमा करने की अन्तिम तिथि व समय (नवीनीकरण की प्रक्रिया समाप्त) | 08.03.2024 |
| 4 | अंतिम रुप से नवीनीकृत तथा अनवीनीकृत दुकानों की सूची तैयार की जाएगी तथा अनवीनीकृत (अव्यवस्थापित) मदिरा दुकानों के लॉटरी के माध्यम से व्यवस्थापन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि (जिला आबकारी अधिकारी द्वारा) | 09.03.2024 |

**जनपद पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग एवं देहरादून की मदिरा की फुटकर दुकानों के नवीनीकरण हेतु समय-सारणी**

| क्रमांक | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | जिला अधिकारी द्वारा दुकानों का वर्ष 2024-25 के निर्धारित राजस्व पर दुकानों के नवीनीकरण हेतु आबकारी आयुक्त को प्रेषित किए जाने की अन्तिम तिथि | 07.03.2024 |
| 2 | आबकारी आयुक्त द्वारा नवीनीकरण के संबंध में निर्णय लेते हुये सम्बन्धित आवेदक को नवीनीकरण शुल्क तथा दुकान की वर्ष 2024-25 हेतु निर्धारित राजस्व पर दुकान संचालन की अनुमति प्रदान किए जाने की अन्तिम तिथि | 09.03.2024 |
| 3 | नवीनीकरण हेतु निर्धारित धनराशियां जमा करने की अन्तिम तिथि व समय (नवीनीकरण की प्रक्रिया समाप्त) | 10.03.2024 |
| 4 | अंतिम रुप से नवीनीकृत तथा अनवीनीकृत दुकानों की सूची तैयार की जाएगी तथा अनवीनीकृत (अव्यवस्थापित) मदिरा दुकानों के लॉटरी के माध्यम से व्यवस्थापन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि (जिला आबकारी अधिकारी द्वारा) | 10.03.2024 |

**नवीनीकरण के पश्चात अवशेष मदिरा दुकानों के व्यवस्थापन हेतु लॉटरी की समय सारिणीः-**

| क्रमांक | प्रथम चरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | लॉटरी हेतु आवेदन करने की तिथि (प्रारंभ) | 11.03.2024 |
| 2 | लॉटरी हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 15.03.2024 सांय 05:00 बजे तक |
| 3 | लॉटरी हेतु आवेदन पत्रों का परीक्षण | 17.03.2024 |
| 4 | लॉटरी की तिथि / समय एवं स्थल (संबंधित जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में) | 18.03.2024 प्रातः 10:00 से प्रक्रिया समाप्त होने तक |
| **क्रमांक** | **लॉटरी हेतु द्वितीय चरण** | **दिनांक** |
| 1 | द्वितीय चरण की लॉटरी हेतु सूक्ष्म विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि | 19.03.2024 |
| 2 | लॉटरी हेतु आवेदन करने की तिथि (प्रारंभ) | 19.03.2024 |
| 3 | लॉटरी हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 21.03.2024 सांय 05:00 बजे तक |
| 4 | लॉटरी हेतु आवेदन पत्रों का परीक्षण | 22.03.2024 |
| 5 | लॉटरी की तिथि/समय एवं स्थल (संबंधित जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में) | 23.03.2024 प्रातः 10:00 से प्रक्रिया समाप्त होने तक |
| **क्रमांक** | **प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्त पर मदिरा दुकानों का आवंटन** | **दिनांक** |
| 1 | प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धांत से मदिरा दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन की तिथि व समय | 24.03.2024 (प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक) |
| 2 | प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धांत से मदिरा दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन पत्रों का परीक्षण | 24.03.2024 (अपरान्ह 02:00 बजे से 03:00 बजे तक) |
| 3 | प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धांत से मदिरा दुकानों के आवंटन की तिथि व समय (संबंधित जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में) | 24.03.2024 (सांय 04:00 बजे से आवंटन की प्रक्रिया समाप्त होने तक) |
| **क्रमांक** | **अधिकतम ऑफर के माध्यम से मदिरा दुकानों का आवंटन** | **दिनांक** |
| 1 | अधिकतम ऑफर के माध्यम से मदिरा दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन की तिथि व समय | 25.03.2024 सायं 05:00 बजे तक |
| 2 | अधिकतम ऑफर के माध्यम से प्राप्त राजस्व ऑफर के अनुमोदनार्थ आबकारी आयुक्त को प्रेषित किए जाने की तिथि | 25.03.2024 |

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु थोक मदिरा अनुज्ञापन (एफ०एल०-2/सी०एल०-2/एफ०एल०- 2 (O)) के व्यवस्थापन/आवंटन हेतु जारी समय सारणी में संशोधन किया जाता है, जो निम्नवत है -**

| क्रमांक | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | एफ०एल०-2 (O) अनुज्ञापन हेतु आवेदन किये जाने की अंतिम तिथि | 04.03.2024 |
| 2 | एफ०एल०-2/ सी०एल०-2 अनुज्ञापन हेतु आवेदन किए जाने की अंतिम तिथि | 05.03.2024 |
| 3 | एफ०एल०-2/सी०एल०-2 अनुज्ञापन हेतु आबकारी आयुक्त द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने की अंतिम तिथि | 07.03.2024 |
| 4 | एफ०एल०-2 (O) अनुज्ञापन हेतु आबकारी आयुक्त द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने की अंतिम तिथि | 05.03.2024 |
| 5 | जनपद स्तर पर लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा एफ०एल०-2/सी०एल०-2 अनुज्ञापन जारी किए जाने की अंतिम तिथि | 09.03.2024 |
| 6 | मदिरा निर्माता ईकाई/बॉण्ड अनुज्ञापन धारकों द्वारा ई०डी०पी० प्रेषित किए जाने की अंतिम तिथि | 09.03.2024 |
| 7 | देशी/विदेशी मदिरा, बीयर, वाइन, आर०टी०डी० आदि के ब्राण्ड लेबल अनुमोदन हेतु आवेदन की अंतिम तिथि | 09.03.2024 |

जनपद में मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों का नवीनीकरण एवं नवीनीकरण उपरांत अवशेष/अव्यवस्थापित मदिरा दुकानों को लॉटरी के माध्यम से प्राप्त करने हेतु इच्छुक एवं अर्ह आवेदक जनपद की दुकानों की सूची, निर्धारित राजस्व की सूची, अन्य आवश्यक विवरण एवं शर्ते तथा व्यवस्थापन से संबंधित सामान्य निर्देश एवं आवेदन पत्र आदि पत्र आदि के प्रारूप विभाग की वेबसाइट **www.uttrakhandexcise.org.in** तथा **www.uk.gov.in** से प्राप्त जा सकती है एवं सम्बन्धित जनपद के कार्यालय जिलाधिकारी/जिला आबकारी अधिकारी व कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड, देहरादून से भी प्राप्त की जा सकती है।

इसी क्रम में थोक मदिरा अनुज्ञापनों हेतु थोक मदिरा अनुज्ञापन (एफ०एल०-2/सी०एल०-2/ एफ०एल०-2 (O)) हेतु सामान्य निर्देश एवं आवेदन पत्र आदि के प्रारूप, विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट **www.uttrakhandexcise.org.in** तथा **www.uk.gov.in** से प्राप्त जा सकती है एवं सम्बन्धित जनपद के कार्यालय जिलाधिकारी/जिला आबकारी अधिकारी व कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड देहरादून से भी प्राप्त की जा सकती है।

**विस्तृत जानकारी के लिए मुख्यालय स्तर पर फोन नं० 7017375607, गढ़वाल मण्डल के जनपदों के लिए फोन नं० 7983344624 एवं कुमायूँ मण्डल के जनपदों के लिए फोन नं० 9760150000 पर संपर्क किया जा सकता है।**

**प्रशांत आर्य**
**आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड**

# मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में अलग पहचान बना रहा : बिल गेट्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने कहा कि भारत टीकों (वैक्सीन) के मामले में दुनिया में अग्रणी है, इसलिए हम कई नए वैक्सीन लाने के लिए यहां अपने साझेदारों के साथ निवेश कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया में अगल मुकाम हासिल कर रहा है।

भारत में कोविड-19 वैक्सीन के उत्पादन पर माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक ने कहा कि एस्ट्राजेनेका वैक्सीन किसी भी वैक्सीन निर्माता के लिए उपलब्ध थी। हमने सीरम (इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया) को 300 मिलियन डॉलर की फंडिंग में मदद की और वे बहुत तेजी से उत्पादन में लग गए। यह वास्तव में पश्चिम और भारत में फार्मास्युटिकल उद्योग एक अनुकरणीय तरीके से एक साथ काम कर रहा था।

**भारत में एआई तकनीक पर शानदार काम हो रहा:** गेट्स ने कहा भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर कई शानदार काम किए जा रहे हैं। आपके पास वाधवानी जैसे समूह हैं, आपके पास आईआईटी जैसे समूह हैं, जो बहुत अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। गेट्स ने आईआईटी दिल्ली का भी दौरा किया और कहा विभिन्न चुनौतियों से निपटने को नवाचार की जरूरत पहले से कहीं अधिक है। एआई सबसे परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी है।


माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह नागपुर के मशहूर डोली चायवाला के साथ नजर आ रहे हैं।


## अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में जुकरबर्ग, पिचाई पहुंचे

**जामनगर।** रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी, उद्योगपति वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। गुजरात के जामनगर में प्री-वेडिंग फंक्शन की शुरुआत हो चुकी है।

28 फरवरी की रात अन्न सेवा कर अंबानी फैमिली ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत कर दी थी। वहीं जामनगर में विदेशी मेहमानों का आना शुरू हो चुका है। फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग जामनगर पहुंच गए हैं। वह अपनी पत्नी प्रीसीलिया चैन के साथ जामनगर पहुंचें जहां एयरपोर्ट पर गुजराती पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया गया। एम्मार प्रॉपर्टीज के संस्थापक मोहम्मद अलब्बार भी जामनगर पहुंच चुके हैं। बता दें कि एम्मार प्रॉपर्टीज ने ही बुर्ज खलीफा बनाया है। हॉलीवुड सुपरस्टार सिंगर रिहाना भी गुरुवार को जामनगर पहुंचीं। उनके पर्फोमेंस के लिए स्टेज तैयार है। नौ बार ग्रैमी अवॉर्ड जीतने वाली सिंगर रिहाना 1-3 मार्च तक होने वाली प्रीवेडिंग सेरेमनी में अपनी आवाज से धूम मचाने वाली हैं। हॉलीवुड जादूगर डेविड ब्लैन भी यहां पहुंचे हैं।


मार्क जुकरबर्ग


सुंदर पिचाई


रिहाना

### विदेशी मेहमानों में ये भी शामिल

इस शाही शादी में शिरकत करने के लिए अंबानी परिवार ने कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रम्प और जेरेड कुशनर, बिल गेट्स और पाउला हर्ड, एडोब के शांतनु नारायण और रेनी नारायण, अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई को न्योता भेजा है।

## देश 30s

### ब्रिज को तोड़ने का फैसला स्थगित

**मुंबई।** मध्य रेलवे ने गुरुवार को कहा कि वह एचएससी और एसएससी परीक्षाओं के कारण मध्य मुंबई में ब्रिटिश काल के सायन पुल को तोड़ने का काम स्थगित कर दिया है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुराने रोड ओवरब्रिज (आरओबी) को तोड़ने की शुरुआत की तारीख बाद में अधिसूचित की जाएगी।

### हिंदू मंदिरों से जुड़ा विधेयक फिर पारित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थाएं और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) बिल 2024 गुरुवार को कर्नाटक विधानसभा में पास हो गया। अब राज्यपाल के पास सहमति के लिए भेजा जाएगा, जिसके बाद यह कानून बन जाएगा। 21 फरवरी को सरकार ने विधानसभा में बिल को पारित किया था, लेकिन उच्च सदन विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन ने इसे खारिज किया था।

### सांचौर में बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने बुधवार रात सांचौर जिले में छापा मारकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब के साथ एक ट्रक सहित सात वाहन जब्त किए। पुलिस ने पंजाब निर्मित अवैध शराब के 484 कार्टून जब्त किए हैं। यह शराब पंजाब से तस्करी कर लाई गई थी जिसे गुजरात भेजा जाना था। अतिरिक्त महानिदेशक (अपराध) दिनेश एम एन ने यह जानकारी दी।

### पुरातत्वविद अरुण कुमार शर्मा का निधन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पुरातत्वविद और पद्मश्री से सम्मानित अरुण कुमार शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। वह छत्तीसगढ़ सरकार के पुरातत्व सलाहकार भी रहे थे। शर्मा के बेटे मनीष शर्मा ने बताया गुरुवार तड़के रायपुर स्थित अपने आवास पर उनके पिता ने अंतिम सांस ली। वह 91 वर्ष के थे। शर्मा ने अयोध्या के विवादित स्थल पर हिंदू मंदिर के अस्तित्व के समर्थन में पुरातात्विक साक्ष्य एकत्र किए थे।

संविधान पीठ ने सुप्रीम कोर्ट के 2018 के एक फैसले की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई की

# असाधारण हालात में आदेश दे सकती हैं अदालतें

**टिप्पणी**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट की पांच जज की संविधान पीठ ने कहा कि संवैधानिक अदालतें सिर्फ असाधारण हालात में ही लंबित मामलों को समय-सीमा में निपटारा करने के लिए आदेश पारित कर सकती हैं।

संविधान पीठ ने सुप्रीम कोर्ट के 2018 के एक फैसले की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा, हाईकोर्ट सहित हर अदालत में विभिन्न प्रकार के मामले लंबित होने की वजहें अलग-अलग हैं और इसका आकलन सिर्फ संबंधित अदालत ही कर सकती है। इसलिए, लंबित मामलों के निपटारे में प्राथमिकता देने के मुद्दे को संबंधित अदालतों के विवेक पर छोड़ देना चाहिए। पीठ में मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति अभय एस. ओका, जे.बी. पारदीवाला, पंकज मिथल और मनोज मिश्रा की संविधान पीठ ने फैसला दिया है। पीठ ने दो अलग-अलग सहमति वाले फैसले में 'यह व्यवस्था दी है।

### पहला फैसला

जस्टिस अभय एस. ओका ने मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की तरफ से लिखे फैसले में कहा कि हमारा मानना है कि हाईकोर्ट द्वारा दिए गए स्थगन को स्वतः रद्द नहीं किया जा सकता।

फैसले में कहा गया कि हम एशियन रिसर्फेसिंग ऑफ रोड एजेंसी पी लिमिटेड के सीबीआई के मामले में 2018 में सुप्रीम कोर्ट के तीन जज की पीठ द्वारा पारित फैसले में जारी निर्देशों से सहमत नहीं हैं। हमारा मानना है कि हाईकोर्ट द्वारा दिए गए स्थगन को स्वतः रद्द नहीं किया जा सकता है। जस्टिस ओका ने फैसले में कहा हमारा मानना है अनुच्छेद 142 के तहत मिले विशेष अधिकार का इस्तेमाल इस तरह के निर्देश जारी करने नहीं किए जा सकते।

### दूसरा फैसला

जस्टिस पंकज मिथल ने अपने सहमति वाले फैसले में कहा किसी भी मामले में पारित स्थगन आदेश किसी विशेष अवधि की समाप्ति पर स्वचालित रूप से तब तक निरस्त नहीं होगा, जब तक कि उस आशय का आवेदन दूसरे पक्ष द्वारा दाखिल नहीं किया जाता है और निर्णय नहीं लिया जाता है।' पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के 2018 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर यह फैसला दिया है।

### पक्षकारों को सुने बगैर रद्द नहीं हो सकता अंतरिम आदेश



पीठ ने फैसले में कहा कि किसी मामले में पारित अंतरिम आदेश हाईकोर्ट द्वारा उस पक्षकार को पक्ष रखने का पर्याप्त मौका दिए बगैर रद्द नहीं किया जा सकता है, जिसकी अंतरिम राहत की प्रार्थना स्वीकार कर ली गई है। पीठ ने कहा भले ही दोनों पक्षों को सुनने के बाद अंतरिम राहत दी जाती है, जैसा कि पहले देखा गया है। पीठ ने कहा ऐसे मामले में, यदि मुख्य मामले को तुरंत सुनवाई के लिए नहीं लिया जा सकता है, तो हाईकोर्ट को स्थगन आदेश वापस लेने या रोक हटाने की मांग वाली अर्जियों की सुनवाई को आवश्यक प्राथमिकता देनी चाहिए। अंतरिम राहत वापस लेने के आवेदनों को अत्यधिक लंबे समय तक लंबित नहीं रखा जा सकता।

## पूर्ण न्याय के लिए ही विशेष शक्ति का हो सकता है प्रयोग

**फैसला**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की संविधान पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत मिले विशेषाधिकार के प्रयोग के लिए महत्वपूर्ण मानदंड जो संदर्भ तय करने के लिए प्रासंगिक हैं। पीठ ने कहा कि अदालत के समक्ष पक्षों के बीच पूर्ण न्याय करने के लिए इस विशेषाधिकार का प्रयोग किया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की संविधान पीठ ने सुनवाई में आगे कहा कि अनुच्छेद-142 सुप्रीम कोर्ट को वादियों के मूल अधिकारों की अनदेखी करने का अधिकार नहीं देता है। संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत क्षेत्राधिकार का प्रयोग करते हुए, शीर्ष अदालत मामलों के शीघ्र और समय पर निपटान सुनिश्चित करने के लिए हमेशा अदालतों को निर्देश जारी कर सकता है। हालांकि, ऐसा करते समय, सुप्रीम कोर्ट उन वादियों के मूल अधिकारों को प्रभावित नहीं कर सकता जो मामले में पक्षकार नहीं हैं।

सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने आगे कहा कि किसी प्रतिकूल आदेश पारित होने से पहले सुनवाई का अधिकार प्रक्रिया का मामला नहीं है बल्कि एक मूल अधिकार है। अनुच्छेद-142 के तहत इस न्यायालय की शक्ति का प्रयोग प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को पराजित करने के लिए नहीं किया जा सकता है, जो हमारे न्यायशास्त्र का अभिन्न अंग हैं।

> अनुच्छेद-142 सुप्रीम कोर्ट को वादियों के मूल अधिकारों की अनदेखी करने का अधिकार नहीं देता है

# दो से ज्यादा बच्चों पर नौकरी से इनकार भेदभाव नहीं

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार के उस फैसले को सही ठहराया, जिसमें यह प्रावधान किया गया था कि जिनके दो से अधिक बच्चे होंगे, वह सरकारी नौकरी के लिए अयोग्य होगा। शीर्ष अदालत ने राजस्थान विभिन्न सेवा (संशोधन) नियम, 2001 को बरकरार रखा। अदालत ने कहा कि यह कानून न तो भेदभावपूर्ण है और न ही संविधान का उल्लंघन करता है।

जस्टिस सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता और के.वी. विश्वनाथन की तीन जज की पीठ ने यह फैसला देते हुए राजस्थान निवासी व पूर्व सैनिक रामजी लाल जाट की अपील खारिज कर दी। वर्ष 2017 में सेना से सेवानिवृत होने के बाद अपीलकर्ता रामजी लाल जाट ने 25 मई, 2018 को राजस्थान पुलिस में सिपाही की नौकरी पाने के लिए आवेदन किया था। लेकिन दो से अधिक बच्चे होने से उन्हें सिपाही की नौकरी के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

**मकसद परिवार नियोजन को बढ़ावा देना:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम- 1989 के नियम 24(4) में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 'कोई भी उम्मीदवार सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा, जिसके 1 जून 2002 को या उसके बाद दो से अधिक बच्चे होंगे। हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि 'कानून में वर्गीकरण, जो दो से अधिक जीवित बच्चे होने पर व्यक्ति को नौकरी के लिए अयोग्य घोषित करता है, भेदभावपूर्ण नहीं है क्योंकि इसका मकसद परिवार नियोजन को बढ़ावा देना था।

### वेदांता की अर्जी रद्द की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के थूथुकुडी में तांबा गलाने वाले संयंत्र बंद करने के खिलाफ वेदांता समूह की याचिका गुरुवार को खारिज कर दी।संयंत्र के कारण कथित प्रदूषण को लेकर विरोध प्रदर्शन और पुलिस की कार्रवाई में 13 लोगों की मौत के बाद यह संयंत्र मई, 2018 से बंद है।

### वितरकों के लाभ पर टीडीएस जरूरी नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि दूरसंचार कंपनियों को प्री-पेड कूपन और सिम कार्ड बेचने से वितरकों या फ्रेंचाइजी को हुए लाभ पर 'स्रोत पर कर कटौती' (टीडीएस) काटना जरूरी नहीं है। पीठ ने बुधवार को आयकर विभाग और दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल की तरफ से दायर अपीलों पर यह अहम फैसला सुनाया।

## रोहिंग्या संबंधी अर्जी पर मार्च में सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने देश भर की जेलों और हिरासत केंद्रों में अवैध और मनमाने ढंग से हिरासत में रखे गए रोहिंग्या शरणार्थियों को रिहा करने के लिए सरकार को निर्देश देने संबंधी याचिका की मार्च में सुनवाई करने पर गुरुवार को सहमति जता दी।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ वकील प्रशांत भूषण द्वारा मामले का विशेष उल्लेख किये जाने के बाद याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमत हुई। भूषण ने दलील दी थी कि इस मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है। भूषण ने कहा केंद्र को नोटिस जारी करने के बावजूद, भारत सरकार ने आज तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है।

## पाक समर्थक नारेबाजी में सात से पूछताछ : सिद्धरमैया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने गुरुवार को कहा कि पुलिस ने कांग्रेस नेता सैयद नासिर हुसैन के समर्थकों द्वारा कथित तौर पर पाकिस्तान समर्थक नारेबाजी मामले में सात लोगों से पूछताछ की है।

सिद्धरमैया ने आश्वासन दिया कि सबूतों के आधार पर नारे लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और राज्य सरकार का किसी को बचाने का कोई इरादा नहीं है। राज्य में विपक्षी भाजपा और जनता दल (सेक्युलर) ने इस घटना को लेकर कांग्रेस सरकार पर हमले तेज कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्षी भाजपा और जद(एस) के विरोध का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। भाजपा और जद(एस) के विधायकों के हंगामे के कारण लगातार दूसरे दिन कर्नाटक विधानसभा की कार्यवाही बाधित हुई। दोनों दलों के सदस्य सदन में आसन के सामने आ गए और बाद में सदन से बहिर्गमन किया।

**हमें आप से देशभक्ति सीखने की जरूरत नहीं:** सिद्धरमैया ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। हमें आपसे देशभक्ति सीखने की जरूरत नहीं है। कानून के मुताबिक सात लोगों से पूछताछ की गई है और उनके बयान दर्ज किए गए हैं। जांच चल रही है।

## गोयल की अंतरिम जमानत खारिज

**मुंबई, एजेंसी।** शहर की एक विशेष अदालत ने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को गुरुवार को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया लेकिन उन्हें अपनी पसंद के किसी अस्पताल में दो महीने तक कैंसर का इलाज कराने की अनुमति दे दी।

मध्य मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद गोयल (74) ने कैंसर के उपचार के लिए अंतरिम जमानत पर रिहा करने का अनुरोध किया था। पीएमएलए के तहत मामलों के लिए विशेष न्यायाधीश एम. जी. देशपांडे ने गोयल को टाटा अस्पताल या अपनी पसंद के किसी अस्पताल में दो महीने तक इलाज कराने की अनुमति दे दी।

# संदेशखाली मुद्दे से प्रभावित होगा सियासी गणित




**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता** संदेशखाली की घटना से शुरू हुआ स्थानीय आंदोलन क्या सिंगुर, नंदीग्राम की तरह राजनीतिक रूप से असरदार हो सकता है? क्या इनकी कोई तुलना भी है? अतीत में सत्ता बदलने के लिए जिस तरह से संघर्ष और आंदोलन के जरिए सियासी जमीन ममता बनर्जी ने तैयार की थी, क्या संदेशखाली ने भाजपा को वही मौका दे दिया है। इस तरह की कई सियासी चर्चाओं के बीच पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों की व्यूह रचना में संदेशखाली का मुद्दा काफी अहम हो गया है।

चुनाव के ठीक पहले इस मुद्दे ने तृणमूल कांग्रेस और ममता बनर्जी की चिंता बढ़ा दी है। डैमेज कंट्रोल की कोशिश हो रही है पर भाजपा मुद्दे को गरम बनाए रखते हुए चुनाव की रणनीति को इसके आसपास रखना चाहती है। आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में भी इसकी झलक मिलेगी। हालांकि ममता अपने कार्यकर्ताओं को संदेश दे चुकी हैं कि सिंगुर, नंदीग्राम की इससे कोई तुलना नहीं हो सकती।

तृणमूल नेता भाजपा शासित राज्यों में महिला उत्पीड़न का मामला उठाकर पलटवार कर रहे हैं। 10 मार्च को बड़ी रैली में ममता भाजपा के सारे आरोपों का जवाब देंगी। संभवतः इसके पहले वह संदेशखाली का दौरा भी करें लेकिन पार्टी अंदरूनी स्तर पर महसूस कर रही है कि यह मुद्दा राजनीतिक रूप से राज्य में वोटरों को प्रभावित कर सकता है।


संदेशखाली में गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख की गिरफ्तारी के बाद ग्रामीणों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी मनाई। • प्रेट्र

> शाहजहां को देखकर साफ पता चलता है कि उसे सुकून वाली जगह पर रखा गया था। गिरफ्तारी एक नाटक के अलावा कुछ नहीं है।
>
> –अधीर रंजन चौधरी, कांग्रेस नेता

> संदेशखाली के लोगों द्वारा दायर किए गए 43 मामलों में शेख को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। ऐसा इसलिए नहीं हुआ क्योंकि उसे ताकतवर लोगों का संरक्षण मिला हुआ था।
>
> –सुजन चक्रवर्ती, माकपा

## शाहजहां ममता के संरक्षण में : सुधांशु त्रिवेदी

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** भाजपा ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर संदेशखाली के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को राजनीतिक और कानूनी संरक्षण प्रदान करने का आरोप लगाया।

पार्टी प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने गुरुवार को सवाल उठाया कि यदि उसे ईडी के मामले में गिरफ्तार किया गया है तो उसे ईडी को क्यों नहीं सौंपा गया? उन्होंने कहा कि अगर उसे दूसरे मामले में गिरफ्तार किया गया तो महिला उत्पीड़न संबंधी आरोप क्यों नहीं लगाए गए? त्रिवेदी ने कहा कि लगभग 55 दिनों तक एजेंसियों की तलाश के बाद आखिरकार शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया गया। जैसे ही कलकत्ता हाईकोर्ट ने ईडी के मामले में गिरफ्तारी से रोक हटाई, शाहजहां को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन गिरफ्तारी वारंट में दुष्कर्म, दुष्कर्म के लिए उकसाने या महिलाओं के खिलाफ अपराध की कोई धारा नहीं है। यह भी स्पष्ट है कि पश्चिम बंगाल सरकार के रुख का संदेशखाली की घटनाओं से कोई संबंध नहीं है।

**हिफाजत के लिए गिरफ्तारी :** भाजपा ने संदेह जताया कि शाहजहां शेख को हिफाजत देने के लिए गिरफ्तार किया गया ताकि उसे ईडी और सीबीआई द्वारा गिरफ्तार न किया जा सके। यह एक तरह की पश्चिम बंगाल पुलिस की मेहमान नवाजी जैसा है क्योंकि गिरफ्तारी के दौरान शाहजहां शेख की 'बॉडी लैंग्वेज' किसी गुनहगार की नहीं लग रही थी। त्रिवेदी ने कहा कि ममता बनर्जी ने पहले सदन में उनका बचाव किया और अब उन्हें पुलिस सुरक्षा प्राप्त है। यदि कैमरे के सामने उसका यह जलवा था तो जेल में कितना जलाल होगा। 'विक्ट्री साइन' का क्या मतलब है।

**शुभेंदु बोले, समझौते के तहत शेख को गिरफ्तार किया:** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को संदेशखाली के जेलियाखाली पहुंचकर शाहजहां शेख पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, उसे गिरफ्तार नहीं किया गया बल्कि यह आपसी समझौता है।

> शाहजहां को हिफाजत देने के लिए गिरफ्तार किया गया ताकि उसे ईडी और सीबीआई द्वारा गिरफ्तार न किया जा सके।
>
> 
>
> –सुधांशु त्रिवेदी, भाजपा प्रवक्ता

# बाघों के संरक्षण को इंटरनेशनल अलायंस बनेगा

**कैबिनेट फैसले**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को बाघों और अन्य ऐसे वन्यजीवों के संरक्षण के लिए एक वैश्विक नेटवर्क इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) के गठन को मंजूरी दी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईबीसीए की स्थापना के इस फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह हमारे बाघों और उनके पर्यावासों के संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि आईबीसीए सात बिग कैट यानी बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता के संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम है। आईबीसीए का मुख्यालय भारत में होगा। सरकार इसके लिए पांच साल में 150 करोड़ रुपये की सहायता देगी। इसमें वन्यजीवों से संबंधित 96 देशों की बहु-एजेंसी संस्था के रूप में आईबीसीए की कल्पना की गई है।

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने कहा कि गुजरात के धोलेरा में पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन संग साझेदारी में 91,000 करोड़ की लागत से बनने वाले सेमीकंडक्टर विनिर्माण संयंत्र का निर्माण इसी साल शुरू होने की उम्मीद है।

### गुजरात और असम में लगेंगे संयंत्र

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प (पीएसएमसी) के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करेगी। इसकी स्थापना गुजरात के धोलेरा में की जाएगी। इसमें 91,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। संयंत्र की क्षमता प्रति माह 50,000 वेफर्स का उत्पादन करने की होगी। वैष्णव ने कहा, टाटा सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट प्राइवेट लिमिटेड (टीसैट) 27,000 करोड़ रुपये के निवेश से असम के मोरीगांव में एक सेमीकंडक्टर संयंत्र लगाएगी। वहीं, सीजी पावर जापान की रेनेसस इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन और थाईलैंड की स्टार्स माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मिलकर गुजरात के साणंद में एक सेमीकंडक्टर संयंत्र लगाएगी। साणंद संयंत्र में 7,600 करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है।

> एक करोड़ परिवार को हर माह प्रति परिवार 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने की योजना को मंजूरी दी गई है। इसके तहत प्रति परिवार को एक किलोवाट क्षमता के लिए 30 हजार, दो किलोवाट के लिए 60 हजार और तीन किलोवाट क्षमता के लिए 78 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाएगी।
>
> –अनुराग ठाकुर, केंद्रीय मंत्री


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नामः नामालूम, पुत्रः नामालूम, पताः नामालूम, उम्रः लगभग 35 वर्ष, कदः 5'6", रंगः गेहूँआ, पहनावाःलाल और काले टी–शर्ट और काले लोअर पहने हुए। जोकि दिनांक 29.02.2024 को पटरी के पास, आजाद मार्केट चौक पर मृत अवस्था में पाया गया। जिसके संदर्भ में DD No.23A U/s 174 CrPc, दिनांक 29.02.2024 से थाना बड़ा हिन्दू राव, दिल्ली में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो वह तुरन्त अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना बड़ा हिन्दू राव, दिल्ली
फोनः 9311925639, 9868960285

DP/2513/N/2024


**ऐतिहासिक** सर्वे ऑफ इंडिया देहरादून परिसर में लगी घड़ी की सुई आज तक नहीं थमी, पेंडुलम और वजन के संतुलन से गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत पर करती है काम

# दून में लगी देश की सबसे पुरानी घड़ी ने पूरे किए 150 साल

**हि नेटवर्क**

■ **शैलेन्द्र सेमवाल**

**देहरादून।** देश की सबसे पुरानी घड़ी में शुमार घड़ी ने अपने ऐतिहासिक 150 वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह घड़ी देहरादून स्थित सर्वे ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सर्वेक्षण संग्रहालय के पोर्च के ऊपर तीन दिशाओं में लगी हुई है।

हर 15 मिनट में बजने वाली घड़ी में सप्ताह में दो दिन चाबी भरी जाती है और पिछले 150 साल में एक बार भी इसकी टिक टिक बंद नहीं हुई है। साल 1874 में गुरुत्वाकर्षण वैज्ञानिक जेम्स पलाडियो बसेवी की याद में स्थापित इस घड़ी का रखरखाव भारतीय सर्वेक्षण विभाग के कर्मचारी करते हैं। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध तक भारतीय सर्वेक्षण विभाग के अधिकारियों को यह समझ आ गया था कि उनका सर्वेक्षण कार्य पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल से प्रभावित हो रहा है। गुरुत्वाकर्षण संबंधी प्रेक्षण कार्य की जिम्मेदारी वैज्ञानिक जेम्स पलाडियो बसेवी को सौंपी गई। 1856 में उनकी नियुक्ति ग्रेट ट्रिग्नोमैट्रिकल सर्वे में हुई। 1861 में जब यह भवन ग्रेट ट्रिग्नोमैट्रिकल सर्वे का दफ्तर बना तो बसेवी यहीं आ गए। उन्होंने 1863-64 से पैंडुलम के माध्यम से गुरुत्वाकर्षण प्रेक्षण आरंभ किया। 1871 में उन्हें कश्मीर भेजा गया, लेह से 100 मील दूर पूर्व में 17 जुलाई 1871 में प्रेक्षण लेते समय उनका निधन हो गया।



देहरादून स्थित सर्वे ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सर्वेक्षण संग्रहालय में लगी बसेवी मेमोरियल क्लॉक।

**1858**

में लंदन के बिग बेन में विश्व का सबसे बड़ा घंटाघर स्थापित हुआ

### कैसे करती है काम

इस मशीन में एक तार निकला है, जिसमें गरारी के जरिए तीनों घड़ियां जुड़ी हुई हैं। घड़ी में चाभी भरने के लिए तीन जगह बनी है। एक चाभी से यह समय बताती है,दूसरी से हर 15 मिनट और तीसरी से ये हर घंटे में बजती है। तीनों चाभी भरने पर तीनों वजन ऊपर चले जाते हैं। जैसे-जैसे समय गुजरता है ये वजन नीचे जाते हैं। जब वजन नीचे चले जाते हैं तभी इनमें चाभी भरने की जरुरत पड़ती है।

### पंडित नैन सिंह, किशन सिंह की जुड़ी हैं यादें

1840 में निर्मित भवन में यह घड़ी स्थापित है। भारत के महान अन्वेषक पंडित नैन सिंह, किशन सिंह, महान गणितज्ञ राधानाथ सिकदर ने इसी भवन में सर्वेक्षण कार्यों का प्रशिक्षण लिया।

### सबसे ऊंचा घंटाघर

1. 1887 में बना लखनऊ का घंटाघर देश का सबसे ऊंचा घंटाघर है। इसकी ऊंचाई 221 फीट है।
2. लखनऊ के घंटाघर की सुईयां आजादी के कुछ साल बाद बंद हो गई थी, करीब 50 साल बंद